आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 312 -● जबलपुर ● शुक्रवार, 16 दिसम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● पौष कृष्ण पक्ष-8 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935


## बिकिनी विवाद में बढ़ीं दीपिका की मुश्किलें

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शाहरुख खान की फिल्म पठान को लेकर इन दिनों खूब बवाल चल रहा है। अब खबर आ रही है कि विवादों के बीच में दीपिका पादुकोण पर शिकायत दर्ज कर ली गई है। सूचना और प्रसारण मंत्रालय से दीपिका पादुकोण की भगवा बिकिनी को लेकर शिकायत दर्ज कराई गई है।

## दूसरी पारी में भारत की बढ़त 300 रन से ज्यादा

**चटग्राम, एजेंसी।** भारत और बांग्लादेश के बीच दो मैचों की टेस्ट सीरीज का पहला मुकाबला चटग्राम में खेला जा रहा है। आज मुकाबले का तीसरा दिन है। भारत ने पहले पारी में 404 रन बनाए थे। इसके जवाब में बांग्लादेश की टीम ने 150 रन पर सिमट गई। दूसरी पारी में लोकेश राहुल और शुभमन गिल की सलामी जोड़ी ने शानदार बल्लेबाजी की है और भारत का स्कोर बिना किसी नुकसान के 60 रन पार जा चुका है।

# सेना ने कहा- चीन बॉर्डर पर हालात कंट्रोल में



## पूर्वी कमान के कमांडर बोले- शांति हो या युद्ध, हम देश की रक्षा को हमेशा तैयार

**तवांग ,एजेंसी।** तवांग झड़प मामले में सेना की तरफ से आधिकारिक बयान आया है। पूर्वी सेना के कमांडर लेफ्टिनेंट जनरल आरपी कलिता ने कहा कि चीन बॉर्डर पर स्थिति नॉर्मल है। बुमला पास पर झड़?प को लेकर फ्लैग मीटिंग की गई। इसमें दोनों देशों के कमांडर मौजूद थे। आरपी कलिता ने कहा कि शांति और युद्ध दोनों स्थितियों में हम अपने देश की रक्षा के लिए हमेशा तैयार रहते हैं। तवांग में अब हालात पूरी तरह से हमारे कंट्रोल में हैं। अरुणाचल के तवांग में 9 दिसंबर को भारत और चीन के सैनिकों में हाथापाई हुई। 600 चीनी सैनिकों ने 17 हजार फीट की ऊंचाई पर स्थित भारतीय पोस्ट को हटाने के लिए घुसपैठ की कोशिश की थी। यह पोस्ट यांगत्से में है। भारतीय सैनिकों ने चीनियों को खदेड़ दिया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने घटना के 3 दिन बाद मंगलवार दोपहर 12 बजे लोकसभा में इस घटना पर 3 मिनट जवाब दिया। कहा- हमारे सैनिकों को कोई गंभीर चोट नहीं है और न ही कोई मारा गया है। इसके करीब एक घंटे बाद चीन ने भी बयान दिया पर उसने तवांग का नाम तक नहीं लिया। इतना कहा कि इंडियन बॉर्डर पर हालात स्थिर हैं। चीन ने विवाद के लिए भारत को जिम्मेदार ठहराया। झड़प के बाद इंडियन एयरफोर्स ने अरुणाचल सीमा पर कॉम्बैट एयर पेट्रोलिंग, यानी जंगी उड़ानें शुरू कर दी हैं। 9 दिसंबर को तवांग में हुई झड़प से पहले भी चीन ने अरुणाचल सीमा में अपने ड्रोन भेजने की कोशिश की थी। इसके बाद IAF ने तुरंत अपने लड़ाकू विमान अरुणाचल सीमा पर तैनात किए थे।



### 600 चीनियों को आर्मी की 3 यूनिट्स ने खदेड़ा था

### तवांग मुद्दे पर संसद में फिर संग्राम

नई दिल्ली , ईएमएस। चीन के मुद्दे पर संसद में आल फिर हंगामा हुआ। तवांग में चीन की सेना के साथ भारतीय सेना की झड़प का मुद्दा राज्यसभा में एक बार फिर से गरमा गया है। विपक्ष के नेता और कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने आरोप लगाते हुए कहा कि हमलोगों को इस मुद्दे पर बोलने का मौका नहीं मिला। संसद में विपक्ष आज भी चीन से टकराव के मुद्दे पर चर्चा की मांग कर रहा है।

## अब ड्रैगन के खिलाफ बड़े आर्थिक फैसले लेगी केन्द्र सरकार

नई दिल्ली, एजेंसी। चीन अपनी विस्तारवाद की नीतियों से बाज नहीं आ रहा है। ड्रैगन के लगभग अपने सभी पड़ोसी देशों के साथ सीमा विवाद चल रहा है। हाल ही में अरुणाचल प्रदेश के तवांग सेक्टर में चीनी सैनिकों ने भारत के हिस्से में घुसने की कोशिश की। हालांकि, भारतीय सैनिकों ने उन्हें खदेड़ दिया। केंद्र सरकार अब ड्रैगन के खिलाफ बड़े आर्थिक फैसले लेने का मन बना चुकी है। इसका असर साल 2023-24 के लिए संसद में पेश किए जाने वाले बजट पर भी देखने को मिल सकता है। इस बजट में चीन से भारत की आयात निर्भरता को कम करने के उपायों की घोषणा की जा सकती है। चआत्मनिर्भर भारतज के अपने अभियान के आगे बढ़ाते हुए मोदी सरकार कड़े फैसले ले सकती है। इस मामले से अवगत दो अधिकारियों ने यह जानकारी दी है। केंद्र सरकार के इस फैसले से भारत में सीधे आयात किए गए चीन में तैयार सामानों के प्रवेश पर प्रतिबंध लग सकता है। चीन के लिए यह किसी सर्जिकल स्ट्राइक से कम नहीं होगा, क्योंकि भारत चीनी सामानों का एक बड़ा बाजार है। हालांकि भारत अपने पड़ोसी देशों से कच्चे माल का आयात करना जारी रखेगा।

## राजौरी में सेना के अस्पताल के पास आतंकी हमला

# फायरिंग में 2 लोगों की मौत, गुस्साए लोगों ने आर्मी कैंप पर पथराव और आगजनी की

**श्रीनगर, एजेंसी।** जम्मू-कश्मीर के राजौरी में शुक्रवार सुबह आर्मी अस्पताल के पास आतंकी हमला हुआ। फायरिंग में 2 लोगों की मौत हो गई। एक अन्य घायल है। पहले यह कहा जा रहा था कि फायरिंग सेना के जवान ने की है। अब सेना व्हाइट नाइट कोर के अधिकारियों ने यह स्पष्ट कर दिया है कि फायरिंग आतंकवादी ने की है।इस घटना के बाद राजौरी में हालात तनावपूर्ण हो गए। लोगों ने आर्मी कैम्प अलफा गेट पर पथराव किया। जांच की मांग को लेकर रोड भी ब्लॉक की।मरने वालों के नाम कमल किशोर व सुरिंदर कुमार हैं। कुली का काम



कर रहे थे मरने वाले एसएसपी राजौरी मोहम्मद असलम चौधरी के मुताबिक मरने वाले लोग सेना में कुली का काम कर रहे थे। सुबह करीब 6.15 बजे वे सैन्य शिविर के अल्फा गेट के पास आ रहे थे, तब उन पर गोली चलाई गई। मृतकों के नाम कमल किशोर व सुरिंदर कुमार हैं।बताया जा रहा है कि दोनों स्थानीय नागरिक हैं। इसे लेकर क्षेत्र में तनाव की स्थिति बन गई है। लोगों ने हाईवे जाम कर सेना के विरोध में प्रदर्शन शुरू कर दिया है।शुरुआती जांच में सामने आया है कि सेना के एक संतरी ने शुक्रवार सुबह कथित तौर पर गोलीबारी की। अधिकारियों ने कहा कि पीड़ित जो कथित तौर पर सेना के साथ कुलियों के रूप में काम कर रहे थे। सुबह करीब 6.15 बजे वह एक सैन्य शिविर के अल्फा गेट के पास आ रहे थे, इसी दौरान उन पर गोलीबारी की गई।

## छपरा में 42 मौतों के बाद एक्शन तेज, SIT का गठन...

### 126 पकड़ाए, थाना प्रभारी-चौकीदार सस्पेंड

**पटना, ईएमएस।** बिहार के छपरा में जहरीली शराब ने ऐसा तांडव मचाया कि तीन दिनों में मरने वालों का आंकड़ा 42 तक पहुंच गया है। इतनी मौतों के बाद पटना से लेकर दिल्ली तक हंगामा जारी है। बीजेपी नेताओं की एक टीम ने छपरा का दौरा किया और पीड़ित परिजनों से बात की। इस बीच सरकार और प्रशासन ने कार्रवाई तेज की है। 42 लोगों की मौत मामले में जांच के लिए एक विशेष जांच दल का गठन किया गया है। वहीं अभी तक 126 लोगों को पकड़ा गया है। चार हजार लीटर से ज्यादा अवैध शराब जब्त भी की गई है।

## तीन दिन से चट्टानों में फंसा व्यक्ति जिंदा निकाला गया


### जगह बनाने के लिए धमाके किए, 13 चट्टानें हटाईं तब मिली कामयाबी

**हैदराबाद ,ईएमएस।** तेलंगाना के कामारेड्डी जिले के जंगल में तीन दिन से चट्टानों के बीच खतरनाक रूप से फंसे 36 साल के व्यक्ति को गुरुवार दोपहर सुरक्षित बचा लिया गया। इस दौरान उसे लिक्विड डाइट दी गई। रेस्क्यू के लिए चट्टानों में कंट्रोल्ड धमाके किए गए। करीब 13 चट्टानों को हटाया गया तब कामयाबी मिली।रेड्डीपेट गांव के सी राजू का मोबाइल फोन मंगलवार को चट्टानों के बीच गिर गया था। उसे निकालने के लिए वह नीचे उतरा तो चट्टानों के बीच खाई में फिसल गया। वह ऐसा फंसा कि अपने शरीर को नहीं हिला पा रहा था।



घटना के समय वह एक दोस्त के साथ उस इलाके में एक पहाड़ी पर टहल रहा था। दोस्त ने घटना की सूचना उसके परिवार को दी। इस पर परिवार के सदस्यों ने उसे बचाने की कोशिश की। जब वे उसे निकाल नहीं सके तो उन्होंने पुलिस को सूचना दी।सूचना मिलने पर पुलिस ने अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ बुधवार शाम करीब चार बजे बचाव अभियान शुरू किया। पहले चट्टानों को तोड़ने की कोशिश की गई। जेसीबी की भी मदद ली गई, लेकिन सफलता नहीं मिली। काफी कोशिशों के बाद सफलता मिली।

### अमिताभ ने नागरिक आजादी पर सवाल उठाए



## ममता बोलीं- ऐसा कहने के लिए हिम्मत चाहिए

**नई दिल्ली, ईएमएस।** बॉलीवुड फिल्म पठान पर जारी विवाद के बीच सुपरस्टार अमिताभ बच्चन के एक बयान पर विवाद खड़ा हो गया है। कोलकाता फिल्म फेस्टिवल में गुरुवार (15 दिसंबर) को दिए उनके बयान पर विवाद शुरू हो गया है। अमिताभ ने कहा था कि देश को आजादी मिले कई साल बीत चुके हैं, लेकिन आज भी नागरिक की स्वतंत्रता और फ्रीडम ऑफ स्पीच पर सवाल उठाए जा रहे हैं। कार्यक्रम में मौजूद पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने अमिताभ की बात का समर्थन किया। उन्होंने कहा कि अमिताभ ऐसी बात कह गए, जो कोई नहीं कह सकता। इधर, भाजपा ढ्ढञ्ज सेल के हेड अमित मालवीय ने कहा है कि अमिताभ के शब्द बंगाल से ज्यादा सटीक किसी और जगह के लिए नहीं हो सकते, क्योंकि उन्होंने फ्रीडम की बात ऐसी जगह कही है, जहां चुनाव के बाद सबसे ज्यादा खूनखराबा और हिंसा हुई थी। अमिताभ के बयान के बाद कार्यक्रम में मौजूद ममता ने कहा मेरी नजर में अमिताभ बच्चन भारत रत्न हैं और हम चाहते हैं कि उन्हें भारत रत्न से नवाजा भी जाए। अमिताभ ने कहा कि हम दर्शकों को हल्के में नहीं ले सकते। दर्शकों के पास हर तरह का कंटेंट होता है।

### भाजपा ने कहा- सबसे ज्यादा हिंसा बंगाल में ही हुई

## किसान के घर रुके राहुल गांधी

# मशीन से काटा चारा

**जयपुर, ईएमएस।** राजस्थान के दौसा में कांग्रेस नेता राहुल गांधी अपनी भारत जोड़ो यात्रा के दौरान बृहस्पतिवार को दौसा पहुंचे। वह एक किसान के घर रुके और हाथ से चलने वाली मशीन से चारा काटा। उन्होंने यात्रा में शामिल खिलाड़ियों, किसानों और अन्य वर्गों के लोगों से बातचीत की। राहुल गांधी ने अपने ट्विटर हैंडल पर तस्वीर साझा करते हुए कहा कि असली भारतगांव में ही बसता है। राहुल गांधी के अलावा राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने चारा काटने वाली मशीन पर हाथ आजमाए। बता दें कि भारत जोड़ो यात्रा राजस्थान के दौसा जिले से गुजर रही है। गुरुवार को यात्रा में मुक्केबाज स्वीटी बूरा और भारतीय राष्ट्रीय कबड्डी टीम के कप्तान दीपक भी शामिल हुए। राहुल गांधी ने कहा कि मैं आज भारत के खेल जगत के सुपरस्टार्स के साथ चलने पर सम्मानित महसूस कर रहा हूं। इन चैंपियंस ने भारत को गौरव दिलाने के लिए अपना पसीना और खून दिया है।








# केंद्र में भाजपा, मप्र में कांग्रेस की वापसी के संकेत: रामसियाशन

## चीन से बनी रहेगी तनातनी, युद्ध के योग नहीं

**जबलपुर यश भारत।** आने वाले लोकसभा चुनावों में भारतीय जनता पार्टी की स्थिति मजबूत बनी रहेगी। खासतौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कुंडली में बन रही ग्रह दशाओं के कारण भाजपा को इसका फायदा मिलेगा। जबकि मध्यप्रदेश में भाजपा और कांग्रेस के बीच में सीधी टक्कर रहेगी लेकिन वर्तमान स्थितियां कांग्रेस को मजबूती दे रही हैं। ऐसे में सत्ता परिवर्तन हो सकता है। यह कहना है जाने-माने ज्योतिषाचार्य व पूर्व में कई सटीक भविष्यवाणियां कर चुके रामसियाशन शास्त्री का, जिन्होंने अपने जबलपुर प्रवास के दौरान यश भारत से खास चर्चा की। जिसमें उन्होंने राष्ट्रीय ,अंतरराष्ट्रीय विषयों पर ग्रह व नक्षत्रों के प्रभाव की गणना करके आने वाले परिवर्तनों के बारे में बताया। रामसियाशन शास्त्री का कहना है कि वर्तमान समय में जो चीन के साथ तनातनी की स्थिति बनी हुई है वह वैसे ही चलती रहेगी। दोनों देशों के बीच में कोई बड़ा युद्ध होने की संभावना निकट भविष्य में नहीं दिखाई दे रही है। इसके साथ ही उन्होंने अर्थव्यवस्था के पहलू पर वैश्विक मंच पर भारत की स्थिति मजबूत होने की बात कही है। साथ ही साथ इस बात पर भी जोर दिया है कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जो गिरावट आएगी उसका असर भारत पर तो होगा लेकिन भारत इससे उतना ज्यादा प्रभावित नहीं होगा और भारतीय अर्थव्यवस्था मजबूती की ओर आगे बढ़ेगी। राजनीतिक विषय पर उन्होंने बताया कि वर्तमान समय में हिंदूवादी विचार धाराएं राजनीतिक रूप से सफल रहेंगी। जिसका असर 2024 के लोकसभा चुनाव पर पड़ेगा और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के भाग्य से भाजपा फिर से मजबूत होकर उभरेगी। वहीं राहुल गांधी के विषय में उन्होंने बताया कि उनकी कुंडली के अध्ययन के आधार पर कहा जा सकता है कि वह राजनीति में अपनी स्थिति आने वाले समय में मजबूत करेंगे, निकट भविष्य में तो उन्हें बहुत ज्यादा सफलता राजनीतिक रूप से हासिल होती नहीं दिख रही है। लेकिन उनका दायरा लगातार बड़ा होता जाएगा। इसके अलावा मध्य प्रदेश की राजनीति को लेकर उन्होंने बिना कोई नाम लिए परिवर्तन की बात कही। जिसमें कांग्रेस के पक्ष में स्थितियां बनती हुई दिखाई दे रही है। उन्होंने मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान व पूर्व मुख्यमंत्री कमलनाथ की व्यक्तिगत कुंडलियों के विषय में किसी भी प्रकार की जानकारी नहीं दी। रामसियाशन शास्त्री पूर्व में भी प्रदेश सरकार के परिवर्तन व शिवराज सिंह चौहान के मुख्यमंत्री बनने की भविष्यवाणी कर चुके हैं। इसके अलावा उमा भारती के बाद बाबूलाल गौर के मुख्यमंत्री बनने की भविष्यवाणी भी उनके द्वारा की गई थी। इसके अलावा पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल ,गुजरात चुनावों को लेकर भी उनकी भविष्यवाणियां सटीक साबित हुई है। इस पूरे साक्षात्कार को आप यश भारत न्यूज़ चैनल व यश भारत के अलग-अलग सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर विस्तार से देख सकते हैं।

### अर्थव्यवस्था पर भी मजबूती की भविष्यवाणी



## सीएम हेल्पलाइन की शिकायत तुरंत करें हल अन्यथा होगी कार्यवाही: कलेक्टर

### सीएम हेल्पलाइन की शिकायतों के निराकरण की समीक्षा बैठक में

**जबलपुर यशभारत।** कलेक्टर सौरभ कुमार सुमन ने सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों का निराकरण तत्परता से करने के निर्देश अधिकारियों को दिये हैं। उन्होंने कहा है कि सीएम हेल्पलाइन आम नागरिकों की शिकायतों के निराकरण का सबसे बेहतर माध्यम है। अधिकारियों को इस ओर पूरी गंभीरता दिखानी होगी और शिकायतों का निराकरण आवेदक की संतुष्टि के साथ करना होगा। यदि शिकायतों का निराकरण समय पर और अपेक्षा के अनुरूप नहीं हो पाया तो अधिकारियों को कार्यवाही के लिए तैयार रहना होगा।

श्री सुमन आज शाम कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में आयोजित सभी विभागों के जिला अधिकारियों की बैठक को संबोधित कर रहे थे। बैठक में जिला पंचायत की सीईओ डॉ. सलोनी सिडाना, अपर कलेक्टर शेर सिंह मीणा, सुश्री विमलेश सिंह एवं नमः शिवाय अरजरिया तथा सभी विभागों के जिला अधिकारी मौजूद थे। नगर निगम आयुक्त आशीष वशिष्ठ तथा ग्रामीण क्षेत्र में पदस्थ सभी एसडीएम एवं तहसीलदार व्हीसी के जरिये इस बैठक से जुड़े थे।

कलेक्टर ने बैठक में सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों के निराकरण की विभागवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों से कहा कि प्रतिमाह जारी होने वाली रैंकिंग में अच्छा स्थान हासिल करने की अपेक्षा वे सीएम हेल्पलाइन में प्राप्त शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण एवं आवेदक की संतुष्टि से निराकरण को ज्यादा महत्व देंगे। उन्होंने साफ शब्दों में कहा कि सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त कोई भी शिकायत बिना उनकी अनुमति के फोर्स क्लोज नहीं की जायेगी, किसी भी शिकायत को फोर्स क्लोज करने के पहले अधिकारियों को उन्हें तर्क संगत कारण बताने होंगे। कलेक्टर ने कहा कि अधिकारी सीएम हेल्पलाइन से प्राप्त शिकायतों की दिन-प्रतिदिन मॉनीटरिंग करें। आवेदक से चर्चा कर उनकी समस्या को समझें तथा संवेदनशीलता के साथ उनका निराकरण करें। उन्होंने अधिकारियों को अन अटैंडेड शिकायतों पर अधीनस्थ अधिकारियों के विरूद्द कार्यवाही करने के निर्देश भी दिये।

### महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक विनय सक्सेना एवं वार्ड पार्षद हर्षित यादव की उपस्थिति में

## दीक्षितपुरा शासकीय स्कूल में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 600 से अधिक नागरिकों की हुई जॉंच



**जबलपुर, यशभारत।** महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, उत्तर मध्य विधानसभा के विधायक विनय सक्सेना, एवं महात्मा गांधी वार्ड के पार्षद हर्षित यादव की विशेष पहल एवं वार्ड के सैकड़ों गणमान्यजनों की उपस्थिति में आज दीक्षितपुरा शासकीय स्कूल परिसर में एक दिवसीय स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में वार्ड के नागरिकों के साथ-साथ स्कूली छात्र-छात्राओं का भी स्वास्थ्य का परीक्षण कराया जाकर निःशुल्क रूप से परामर्श एवं दवाईयों का वितरण कर उपचार किया गया। विशेष बात यह रही कि शिविर में एलोपैथी एवं होम्योपैथी दोनो ही पद्धतियों से वार्ड के निवासियों का परीक्षण किया गया और उसके अनुरूप निःशुल्क परामर्श एवं दवाईयॉं उपलब्ध कराई गयी। शिविर के संबंध में महात्मा गांधी वार्ड के पार्षद हर्षित यादव ने बताया कि डॉ. सुहाने, डॉ. गुर्जर, डॉ. आदित्य यादव, डॉ. प्रियंका दुबे, डॉ. आदित्य पचौरी, डॉ. पूनम सिंह, डॉ. विकास शुक्ला आदि के द्वारा 600 से अधिक नागरिकों एवं छात्र-छात्राओं का स्वास्थ्य परीक्षण कर निःशुल्क उपचार किया गया। शिविर में पूर्व नेताप्रतिपक्ष दिनेश यादव, के साथ-साथ स्वास्थ्य प्रभारी एवं एम.आई.सी. सदस्य अमरीश मिश्रा, श्रीमती अदिति अतुल बाजपेय, संतोष पण्डा, आदि की भूमिका भी सराहनीय रही।

### सशक्त व्यक्तित्व के धनी थे सरदार पटेल अन्नू सिंह

शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी के द्वारा आज नेहरू उद्यान में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 72 वी पुण्यतिथि पर उनके चित्र में माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि दी।इस अवसर पर शहर (जिला) कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू ने कहा कि भारत के प्रथम उप प्रधानमंत्री सशक्त व्यक्तित्व के धनी थे, साथ ही उनकी दूरदर्शी सोच, परिणाम की चिंता किए बिना निर्णय लेने की क्षमता उन्हें महान बनाती है, उन्होंने किसी भी राजा का अंत किए बगैर राजवाड़े खत्म कर दिए थे। पुण्य तिथि के अवसर पर जगत बहादुर सिंह च्चअन्नूज्ज, पार्षद संतोष पंडा, राकेश पांडे, प्रमोद पटेल, सतीश तिवारी, झल्लेलाल जैन, विजय रजक, इंदिरा पाठक तिवारी, रेखा जैन, शोभा उपाध्याय, पूनम उसरेठे, नंदा शर्मा, भानु सिंह, कमला चौहान, भाग्यश्री, सपना पवार, विष्णु विनोदिया, आरिफ बेग, श्याम सोलंकी, मनोज सेठ, अनिल गुप्ता, नरेश सोनकर, जितेंद्र यादव, राकेश चक्रवर्ती, आशीष उसरेठे, आशुतोष ठाकुर, सफी खान आदि कांग्रेस जन उपस्थित रहे।





## अधिकारी कर्मचारी मिल कर दौड़े मैराथन में

### जीसीएफ में स्वच्छता पखवाड़े में स्पर्धाएं

**जबलपुर यशभारत।** नगर कीआयुध निर्माणी गन कैरिज फैक्टरी में चल रहे स्वच्छता पखवाड़े के अंतर्गत जीसीएफ प्रशासन द्वारा विद्यानगर मैदान में मिनी मैराथन का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता को ज्वाइंट जीएम एवं स्पोर्ट्स अफसर अखिलेश कुमार नेहरी झंडी दिखाई।सबसे रोचक बात यह रही कि चालू निर्माणी के अधिकारी एवं कर्मचारियों ने खेल भावना से इस प्रतियोगिता में बढ़ चढ़ कर भाग लिया। जिसमें निर्माणी के जॉइंट जीएम अमित कुमार ने प्रतियोगिता में प्रथम स्थान में बाजी मारी द्वितीय स्थान पर कर्मचारी अनिरुद्ध एवं तृतीय स्थान पर मुनेश्वर रहे।स्पोर्ट्स अफसर अखिलेश कुमार एवं ज्वाइंट सेक्रेट्री उत्तम विश्वास ने कहा इस तरीके की प्रतियोगिताओं से कर्मचारियों एवं अधिकारियों के बीच अच्छा सामंजस का निर्माण होता है।कार्यक्रम में कार्यसमिति सचिव राजा पांडे सदस्य पार्थ ओझा बीरबल अमित गुप्ता राहुल गुप्ता एवं रितेश अधिकारियों में अवनीश ओझा प्रदीप सागवाल बरनवाल साहब आकाश जैन श्री सोनी एवं सुरक्षा अधिकारी मनीष पाठक की उपस्थित उल्लेखनीय रही।

## उत्तम स्वामी जी नर्मदा सेवा सदन का भव्य भूमि पूजन

**जबलपुर, यशभारत।** भेड़ाघाट के नजदीक मुख्य मार्ग हीरापुर बंधा गांव में महामंडलेश्वर ईश्वरानंद महाराज उत्तम स्वामी ने अपने विशाल भक्त मंडल के साथ एवं बड़ी संख्या में स्थानीय ग्रामीणों की उपस्थिति में नर्मदा परिक्रमा वासियों की सेवा हेतु उत्तम स्वामी नर्मदा सेवा सदन के निर्माण हेतु की शिलान्यास किया । भूमि पूजन के उपरांत मंची कार्यक्रम में अपने आशीर्वचन देते हुए परम पूजनीय उत्तम स्वामी जी महाराज ने अन्यदान को सर्वोपरि बताते हुए उसकी महत्ता बताई 7 परम पूजनीय स्वामी जी के स्वागत हेतु नेत्रहीन कन्याओं ने मंगल भजन का गान करके परम पूजनीय उत्तम स्वामी जी का अभिवादन किया। स्वामी जी ने दिव्यांग जनों को कृत्रिम अंग, व्हीलचेयर,स्कूल के बच्चों को उनके गणवेश,स्वेटर एवं जरूरतमंद वृद्ध जनों को कंबल वितरण कर सेवा सदन की सेवा प्रथा की शुरुआत की । श्री उत्तम स्वामी जी भक्त मंडल के राष्ट्रीय अध्यक्ष तपन भौमिक ने बताया कि हाल ही में जब परम पूजनीय उत्तम स्वामी जी ने अपने 108 अनुयायियों के साथ स्वयं 6 माह की नर्मदा परिक्रमा पूर्ण की तो राह में आने वाली अनेक असुविधाओं को उन्होंने लिपिबद्ध किया और नर्मदा जी के किनारे ऐसे स्थान जहां पर कई किलोमीटर तक परिक्रमा वासियों के लिए भोजन व विश्राम की कोई व्यवस्था नहीं है वहां पर नर्मदा सेवा सदन स्थापित करने का संकल्प लिया 7 इन सेवा आश्रम में परिक्रमा वासियों को जहां एक और उत्तम भोजन एवं विश्राम की व्यवस्था होगी साथ ही साथ उनके लिए आवश्यक वस्तुओं की भी व्यवस्था की जावेगी 7 इसी श्रंखला में पहले सेवा सदन आश्रम की शुरुआत रामनगर में दूसरे सेवा आश्रम की व्यवस्था शूलपानी में और अब तीसरे सेवाश्रम की व्यवस्था जबलपुर भेड़ाघाट में मां नर्मदा तट पर हीरापुर बंधा में कीजा रही है । इस शुभ अवसर पर उत्तम स्वामी जी महाराज सेवा मंडल के अनेक सेवक दूर-दूर से शामिल होने इस कार्यक्रम में पहुंचे 7 प्रमुख रूप से वरिष्ठ प्रचारक विश्वजीत , महाकौशल प्रांत के प्रचार प्रमुख विनोद ,विधायक पाटन अजय विश्नोई, पूर्व विधायक बरगी श्रीमती प्रतिभा सिंह जी, आयुक्त निशक्तजन मध्यप्रदेश श्री संदीप रजक जी, वेद प्रकाश ( रिटायर्ड आईएएस) संजीव दुबे (सागर ), नीरज सिंह ग्रामीण उपाध्यक्ष भाजपा, अनिल तिवारी , नितिन भाटिया ,प्रांत प्रमुख नर्मदा प्रकल्प, संदीप शुक्ला जिला उपाध्यक्ष ग्रामीण भाजपा, ओम नारायण दुबे , धीरज पटेल (मंडल अध्यक्ष) सौरभ पटेल (सरपंच ) आदि विसर्जन विशेष रूप से कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।



## राज सागरी को मिला दुष्यंत कुमार राज्य स्तरीय पुरस्कार



**जबलपुर,यशभारत।** साहित्य अकादमी मध्यप्रदेश संस्कृति परिषद मध्यप्रदेश शासन संस्कृति विभाग द्वारा अखिल भारतीय एवं प्रादेशिक स्तर के पुरस्कारों की घोषणा कर दी गई है जिसमें जबलपुर के ख्याति लब्ध कवि, शायर एवं पाठक मंच के सम्मानित सदस्य राज सागरी जी की कृति च्च चलो अब घर खौ चलिए च्च दुष्यंत कुमार पुरस्कार से सम्मानित की गई है। इस पुरस्कार के तहत श्री राज सागरी जी को ?51000 की नगद राशि से सम्मानित किया जाएगा गौरतलब है कि यह कृति बुंदेली गजलों का संग्रह है, जिसकी गजलें माता गुजरी महाविद्यालय के साहित्य के पाठ्यक्रम में सम्मिलित की गई है । श्री राज सागरी सहित जबलपुर की इस उपलब्धि पर पाठक मंच के श्रीजानकीरमण महाविद्यालय के साथ मध्यप्रदेश आंचलिक साहित्यकार परिषद के प्रदेश अध्यक्ष डॉ अभिजात कृष्ण त्रिपाठी ,डॉ. आनंद सिंह राणा, वरिष्ठ साहित्यकार अभिमन्यु जैन, सुरेश मिश्र विचित्र, डॉ कौशल दुबे , डॉ उदय भानु तिवारी, श्री प्रभात दुबे, यूएस दुबे, डॉ. गंगाधर त्रिपाठी, शक्ति सिंह मंडलोई ने अपार हर्ष व्यक्त किया है।

## मेहनतकश पथ विक्रेताओं का मानस भवन के मंच पर भव्य सम्मान

### विधायक अजय विश्नोई, अशोक ईश्वरदास रोहाणी, पूर्व विधायक अंचल सोनकर, शरद जैन, आदि की उपस्थिति में संपन्न हुआ गरीमापूर्ण पथ विक्रेता सम्मान समारोह



**जबलपुर,यशभारत।** शहर में गली-गली पैदल फेरी लगाकर, सब्जी, भाजी, फल, व अन्य सामान विक्रय करने वाले श्रमजीवी महनतकशों का आज मानस भवन के मंच पर भव्य सम्मान किया गया। पाटन विधान सभा क्षेत्र के विधायक अजय विश्नोई, केन्ट विधानसभा क्षेत्र के विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी, पूर्व विधायक शरद जैन, अंचल सोनकर, आयुक्त निःशक्तजन श्री संदीप रजक लक्ष्यभेदी संस्था के संस्थापक वेदप्रकाश एवं अन्य गणमान्य जनों की उपस्थिति में स्ट्रीट वेंडर्स का मानस भवन के मंच पर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर सभी सम्मानित स्ट्रीट वेंडर्स एवं उनके परिजनों में काफी उत्साह दिखाई दिया। सम्मान समारोह की सराहना करते हुए विधायक अजय विश्नोई, एवं अशोक ईश्वरदास रोहाणी ने अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि लक्ष्यभेदी संस्था के संस्थापक वेदप्रकाश के द्वारा बहुत ही अनुकर्णिय एवं सराहनीय पहल की गयी है। उनकी इस पहल से शहर के स्ट्रीट वेंडर्स को एक तरफ संबल मिलेगा वहीं दूसरी तरफ उन्हें व्यापार को बढ़ाने के लिए उर्जा मिलेगी। जनप्रतिनिधियों ने आज सैकड़ों की संख्या में उपस्थित पथ विक्रेताओं एवं उनके परिजनों को सम्मान पाने के लिए शुभमानाएँ दी और आगे इसी तरह आगे भी समाज में स्वाभिमान के साथ व्यापार कर जीपकोपार्जन करने की प्रेरणा दी। पथ विक्रेता शहरों के कुल असंगठित रोजगार में 14 प्रतिशत की भागीदारी निभाते हैं ।जबलपुर शहर में लगभग 29,000 पथ विक्रेता हैं जो न सिर्फ अपने परिवार का भरण पोषण करते हैं बल्कि कम कीमतों पर रोतमर्रा की जरूरतों को पूरा करते हैं । ऐसे भी पथ विक्रेता है जो दो चार हजार की पूँजी से भी रोजगार कर अपना परिवार चला रहे हैं । यह बताता है कि इस सेक्टर की आर्थिक कुशलता और उत्पादकता उच्च कोटि की है ।

## श्री गुरु गोविंद सिंह जयंती :18 को मदन महल से निकलेगा भव्य नगर कीर्तन

**जबलपुर,यशभारत।** भारतीय धर्म संस्कृति के रक्षक एवं खालसा पंथ के सृजक सिख धर्म के दसवें गुरु साहिब श्री गुरु गोविंद सिंह जी महाराज की356 वीं पवित्र जयंती के उपलक्ष में गुरुद्वारा प्रेम नगर मदन महल से 18 दिसंबर को दोपहर 2.00 भव्य नगर कीर्तन निकाला जाएगा। गोरखपुर होता हुआ यह नगर कीर्तन सदर गुरुद्वारा में शाम 7ः00 बजे संपन्न होगा। 31 दिसंबर एवं 1 जनवरी को मदन महल गुरुद्वारा में जयंती मनाई जाएगी इसमें सिख धर्म के मशहूर रागी जत्थे भाई जगतार सिंह दरबार साहिब अमृतसर भाई हरबंस सिंह दिल्ली एवं कथा वाचक ज्ञानी मनमोहन सिंह जी दिल्ली सहित अनेक विद्वत जन शिरकत करेंगे।समाज के मीडिया प्रभारी प्रदीप सिंह भोगल ने बताया की नगर कीर्तन में जबलपुर के समस्त गुरुद्वारों के कीर्तनी जत्थे स्त्री सत्संग सभाए सिख समाज की शैक्षणिक संस्थाओं के शिक्षक छात्र एवं पदाधिकारी गण एवं नगर के जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य नागरिक गण शामिल होंगे। श्री गुरु सिंह सभा गुरुद्वारा सदर के संयोजन में पंथ के पंज प्यारों के नेतृत्व में यह नगर कीर्तन निकाला जाएगा।तक संबंध में गुरुद्वारा प्रेम नगर में सिख समाज की एक बैठक आयोजित की गई जिसमें समस्त कार्यक्रमों की भावी रूपरेखा तैयार की गई। सदर प्रधान सरदार नक्षत्र सिंह गिल प्रभजोत सिंह हरजीत सिंह सूदन लखबीर सिंह सैनी कौमी सिंह पंडित मदन दुबे एवंगुरु पर्व कमेटी ने साध संगत एवं नगर के धर्म प्राण श्रद्धालुओं से उपस्थिति एवं सहयोग की अपील की है।



### रांझी में चल रही शीत कालीन वचना

## ज्ञान और सुख बढ़ता है वर्द्धमान विधान से:मुनिश्री प्रणम्य सागर

**जबलपुर, यशभारत।** श्री वर्धमान स्त्रोत विधान स्तुति 64 छंदों में निबद्ध है ये काव्य किसी न किसी रोग के स्थायी निवारण के साधन भी हैं।इस स्त्रोत के पढ़ने से मनन करने से हमारी वृत्ति वर्तमान शासन नायक वर्द्धमान महावीर प्रभु के प्रति श्रद्धा में वृध्दि करती तथा वीर प्रभु के वंश की वृध्दि में सहायक होती है।ज्ञान तथा सुख को देने वाला यह स्त्रोत भक्तामर तथा कल्यानमन्दिर स्त्रोत की तरह जैन तथा कल्याण के इक्छुक सभी जनों में प्रसिद्धि को प्राप्त है।सच्चे मन से यह विधान करने से हमारे अंदर निगेटिविटी दूर होती है और सकारात्मक विचारों का प्रवाह होता है।उक्त उद्गार अर्ह योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्य सागरजी महाराज ने रांझी स्थित जैन मंदिर में श्री वर्धमान विधान पूजन के अवसर पर उपदेश देते हुए व्यक्त किये। आज पूज्य मुनिद्वय के मंगल सानिध्य तथा ब्र नवीन जी के निर्देशन में श्री वर्धमान स्त्रोत विधान सम्पन्न हुआ।इस अवसर पर अनेक श्रावकों ने मुनिश्री से वर्धमान व्रत भी ग्रहण किये।रांझी नगर में यह आयोजन प्रथम बार होने से समाज मे बहुत ही उतसाह का माहौल था। 64 काव्यों के माध्यम से 64 परिवारों ने विधान के माने पर अर्घ्य समर्पित किये।सौधर्म,ईशान,सनत्कुमार, तथा महेंद्र के साथ महायज्ञ नायक और कुबेर आदि पात्रों ने शांति धारा कर्ता के साथ विधान की प्रमुख पूजन की।मुनिश्री को शास्त्र मामा स्टोर्स परिवार द्वारा समर्पित किया गया।कार्यक्रम का संचालन सचिन जैन सहारा ने किया।



## जैव उर्वरकों का बेहतर प्रयोग हेतु हार्टिकल्चर के विद्यार्थियों ने जानी बारीकियां

### जनेकृविवि द्वारा तैयार किये गये जैव उर्वरकों के प्रयोग से माटी-पर्यावरण-फसल होती है बेहतर

**जबलपुर,यशभारत।** जवाहरलाल नेहरू कृषि विश्वविद्यालय, जबलपुर के कुलपति डॉ.प्रमोद कुमार मिश्रा की सद्प्रेरणा में कृषि महाविद्यालय के मृदा विज्ञान विभाग अंतर्गत संचालित सूक्ष्मजीव अनुसंधान एवं उत्पादन केन्द्र द्वारा सतत् शोध व नये-नये नवाचार किये जा रहे हैं। विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मिश्रा के मार्गदर्शन में प्राकृतिक खेती व जैविक खेती को बल देने हेतु प्रक्षेत्र पर शोध जारी हैं। इसी तारतम्य में जैविक खेती की शुद्धता को बनाये रखने के साथ ही भूमि के प्राकृतिक स्वरूप को गुणवत्ता पूर्ण बनाये रखने हेतु जवाहर जैव उर्वरक अतिलाभकारी, पर्यावरण हितैषी, कम लागत एवं विश्वसनीय 17 प्रकार के जैविक आदान तैयार किये जा रहे है। टिकाऊ खेती के सर्वोत्तम आदानों की वैज्ञानिक उत्पादन तकनीक एवं बारीकियों को जानने व समझने हेतु हार्टिकल्चर विभाग के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ. अखिलेश तिवारी के नेतृत्व में समस्त एम.एस.सी. व पी.एच.डी. के छात्र-छात्राओं को जवाहर जैव उर्वरकों के विषय में शोध हेतु नर्सरी, फल, फूल उद्यानों में उपयोगिता व बेहतर लाभ हेतु महत्वपूर्ण जानकारी दी गई। जवाहर जैव उर्वरक केन्द्र के प्रभारी एवं मृदा विज्ञान विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ. एन.जी. मित्रा के नेतृत्व में शोध व नवीनतम जैव उर्वरकों की जानकारी दी गई। जवाहर जैव उर्वरक केन्द्र द्वारा विभिन्न जैव उर्वरकों जैसे- जवाहर राइजोबियम, जवाहर एजोटोबेक्टर, जवाहर एजोस्पाइरिलम, जवाहर एसिटोबेक्टर, जवाहर पी.एस.बी., जवाहर के. एस.बी., जवाहर जेड.एस. बी., जवाहर स्यूडोमोनास, जवाहर ई.एम. कल्चर, जवाहर बायोफर्टिसॉल, जवाहर ट्राइकोडर्मा, जवाहर नील- हरित शैवाल, जवाहर माइकोराईजा, जवाहर जैव विघटक (कवक), जवाहर जैव विघटक (जीवाणु), वैक्टोबूस्टर आदि का निरंतर उत्पादन कर कृषकों का उपलब्ध कराया जा रहा है। केन्द्र के वरिष्ट वैज्ञानिक डॉ. शेखर सिंह बघेल द्वारा वर्तमान समय में जैव उर्वरकों की उपयोगिता, आवश्यकता व हार्टिकल्चर के क्षेत्र में बेहतर प्रयोग हेतु महत्वपूर्ण उर्वरकों की विस्तार से जानकारी प्रदान की। केन्द्र के वैज्ञानिक डॉ. राकेश साहू एवं श्री बबलू यदुवंशी द्वारा जैव उर्वरकों के निर्माण में विभिन्न चरणों व लैब में वैज्ञानिक शोध के पहलुओं पर जानकारी प्रदान की गई। इस दौरान समस्त हार्टिकल्चर के छात्र-छात्राओं ने वैज्ञानिकों की बातो को जाना समझा व इस क्षेत्र में भविष्य में रोजगार व स्टार्टअप बनाने एवं कैरियर बनाने की बात कही।




## नगरीय निकाय एवं पंचायत चुनाव के अभ्यर्थी 15 जनवरी तक वापस ले सकेंगे निक्षेप राशि

**जबलपुर, यशभारत।** नगरीय निकाय एवं पंचायत आम निर्वाचन 2022 में चुनाव लड़ चुके अभ्यर्थी कलेक्टर कार्यालय में कक्ष क्रमांक 108 से 15 जनवरी तक निक्षेप राशि वापस कर सकेंगे। अपर कलेक्टर एवं उपजिला निर्वाचन अधिकारी स्थानीय निर्वाचन नमः शिवाय अरजरिया ने यह जानकारी देते हुए बताया कि नगरीय निकाय एवं त्रिस्तरीय पंचायत आम निर्वाचन 2022 में चुनाव लड़ चुके ऐसे अभ्यर्थी को छोड़कर जिनकी कुल वैध मतों के छठवें हिस्से से कम मत प्राप्त होने के कारण जमानत जब्त हो गई थी, शेष सभी अभ्यर्थी निक्षेप राशि जमा करने की मूल्य रसीद तथा आधार कार्ड के साथ कलेक्ट्रेट के कक्ष क्रमांक 108 स्थित स्थानीय निर्वाचन शाखा में उपस्थित होकर निक्षेप राशि वापस प्राप्त कर सकते हैं।उप जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि निर्वाचन अधिनियम के प्रावधानों के मुताबिक यदि कोई अभ्यर्थी 15 जनवरी तक निक्षेप राशि वापस नहीं लेता है तो इस राशि को राजसात कर लिया जायेगा।

## आदित्य ह्रदय स्तोत्र के पाठ करने से मिलते हैं परमसुख ब्र. चैतन्यानंद

**जबलपुर, यशभारत।** बगलामुखी सिद्ध पीठ शंकराचार्य मठ में पौष मास में चल रहे महा सूर्य पूजा एवं सूर्य अर्चन में आज भगवान शिव का वैदिक ब्राह्मणों द्वारा दुग्ध अभिषेक एवं पूजन किया गया तत्पश्चात भगवान सूर्यनारायण का 2100 गुलाब पुष्पों द्वारा अर्चन किया गया एवं विशेष पूजा किया। ब्र. चैतन्यानंद ने महा सूर्य अर्चन में उपस्थित सभी भक्तों को बताया की हिंदू धर्म में जिस प्रकार कई देवी-देवताओं की पूजा का विधान है उसी तरह कई मंत्रों एवं स्तोत्र का अपना अलग महत्व है कई मंत्रों के उच्चारण से जहां एक तरफ घर में सकारात्मक का वातावरण बनता है वही स्तोत्र के पाठ से व्यक्ति का भाग्य बदल जाता है और घर धन-धान्य से परिपूर्ण हो जाता है ऐसा ही एक स्तोत्र है आदित्य हृदय स्तोत्र इसका सीधा संबंध भगवान सूर्यनारायण से हैआप सूर्य को समर्पित इस पवित्र स्तोत्र का पाठ करके खुद को मानसिक और शारीरिक रूप से सक्रिय कर सकते हैं इसके पाठ करने से घर में सुख समृद्धि आती है ज्योतिष शास्त्र में सूर्य को पिता पुत्र प्रसिद्धि यश तेज आरोग्यता आत्मविश्वास और इच्छाशक्ति का कारक माना गया है सूर्य की आराधना से व्यक्ति को सूर्य के समान तेज और यश की प्राप्ति होती है इस स्तोत्र के परिणाम स्वरूप आपको हर क्षेत्र में सफलता मिलेगी और भाग्योदय होगा अगर व्यक्ति इस पाठ को नियमित रूप से नहीं कर पाता है तो रविवार के दिन अवश्य करें इसी स्तोत्र से रावण राम युद्ध में श्री राम विजई हुए थे अतः आदित्य हृदय स्तोत्र के अनेक लाभ हैं सभी व्यक्तियों को इसका पाठ करना चाहिए और विशेष रूप से पौष मास में बहूत संख्या में भक्तगण उपस्थित रहे।



# क्यों न कलेक्टर दमोह को दण्डित किया जाए

■ कलेक्टर दमोह को अवमानना नोटिस ■ समाज विशेष द्वारा पार्क की जगह पर अवैध निर्माण ■ कुर्मी समाज द्वारा दायर हस्तक्षेप याचिका भी खारिज

**जबलपुर यशभारत।** मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश श्री रवि मलिमठ एवं श्री विशाल मिश्रा की बेंच ने न्यायालय के समक्ष दिए गए अभिवचन का पालन न करने पर नोटिस जारी कर जबाब तलब किया है कि क्यो न न्यायालय के आदेश का पालन न करने के लिए दण्डित किया जाए। न्यायालय के समक्ष दमोह के पत्रकार अनुराग हजारी द्वारा दायर जनहित याचिका में दमोह कलेक्टर की ओर से अधिवक्ता ने यह वचन दिया था कि याचिकाकर्ता द्वारा की गई शिकायत पर 4 सप्ताह के अंदर समुचित कार्यवाही की जावेगी। यह याचिका दमोह के वरिष्ठ पत्रकार अनुराग हजारी ने दायर की है जिस पर आरोप लगाया गया था की दमोह के ग्राम हिरदेपुर की जमीन जोकि राजस्व विभाग के नाम दर्ज थी।

भूमि के 0.80 हेक्टेयर भूमि पर एक बड़ा पार्क एवं वल्लभभाई पटेल की मूर्ति स्थापना हेतु ग्राम पंचायत ने मांग की थी। जिस पर कलेक्टर ने विधिवत सुनवाई करते हुए 0.80 हेक्टेयर भूमि पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्रालय को पार्क हेतु आवंटित की गई थी। उक्त भूमि पंचायत बिभाग को पार्क निर्माण हेतु दी थी। किन्तु ग्राम पंचायत हिरदेपुर ने आवैधानिक रूप से एक निजी ट्रस्ट जो एक समाज विशेष का ट्रस्ट है जो कुर्मी समाज के नाम से पंजीकृत ट्रस्ट है को बगैर प्रकिया के पालन के पार्क निर्माण की जिम्मेदारी सौंप दी। जिसकी आड़ में कुर्मी समाज द्वारा उपरोक्त जगह पर व्यवसायिक निर्माण एवं दुकानों का निर्माण कार्य



प्रारंभ कर दिया। जिस पर ना तो किसी विभाग से अनुमति ली गई और नाही निर्माण के लिए टेंडर एवं निविदाएं आमंत्रित की गई। अवैध रूप से पार्क की जगह पर दुकानों का निर्माण किया जाने लगा। जिसकी शिकायत याचिकाकर्ता ने कलेक्टर दमोह एवं अन्य समस्त अधिकारियों की किंतु कोई कार्यवाही ना होने के कारण अवैध निर्माण एवं को हटाने एवं दोषियों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग को लेकर यहां प्रस्तुत की याचिका प्रस्तुत की याचिकाकर्ता के अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय न्यायालय के समक्ष कलेक्टर के आदेश के साथ-साथ दैनिक समाचार पत्रों में छपी खबरों का हवाला देते हुए बताया कि उक्त निर्माण पूर्णता अवैधानिक है तथा समाज विशेष द्वारा पार्क की जगह पर अवैध निर्माण किया जा रहा है।

जिसे राजनैतिक संरक्षण प्राप्त है।याचिकाकर्ता के उठाए गए मुद्दों पर माननीय न्यायालय ने गंभीर रुख अपनाते हुए सरकारी वकील से प्रश्न किए जिस पर शासकीय अधिवक्ता न्यायालय में यह वचन दिया था कि याचिकाकर्ता की शिकायत पर 4 सप्ताह के अंदर समुचित कार्रवाई करते हुए आदेश पारित किए जाएंगे उक्त कथन को अभिलेख पर लेते हुए माननीय न्यायालय ने याचिका का निराकरण कर दिया था। अधिवक्ता दिनेश उपाध्याय ने न्यायालय में बताया कि निर्धारित अवधि में कार्रवाई करने के निर्देश दिए दिए थे। न्यायालय के आदेश में निर्धारित 4 सप्ताह की अवधि में कोई कार्यवाही ना किए जाने पर यह अवमानना याचिका दायर की गई थी। जिसमें माननीय न्यायालय ने आज आदेश जारी किए साथ ही जिला कुर्मी समाज द्वारा दायर हस्तक्षेप याचिका भी खारिज कर दी है।

# अपलोड करते ही बाबू करिया के खाते से कट गए 14 हजार



## स्कूल फीस जमा करने के एवज में ठगी, शिकायत देकर लगाई गुहार

**जबलपुर यशभारत।** स्कूल फीस जमा करने के एवज में एक अभिभावक को 14 हजार की करारी चपत लग गई। दरअसल अभिभावक ने गूगल-पे के माध्यम से रकम स्कूल के खाते में ट्रांसफर की मगर सर्वर प्रॉब्लम की वजह से वह रूक गई। थोड़ी देर बाद उसके मोबाइल पर खाते से 14 हजार कटने का मैसेज आया जिसके बाद उसके होश उड़ गए। पीड़ित ने सायबर सेल को शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### मोबाइल भी हो गया फॉरमेट

पीड़ित बाबू करिया के मुताबिक एप डाउनलोड होने और रकम कटने के बाद अचानक उसका मोबाइल हैंग होने के बाद बंद हो गया। जब उसने पुनः मोबाइल चालू किया तो उसका पूरा डाटा फॉरमेट हो चुका था। पीड़ित ने सायबर सेल में लिखित शिकायत देकर न्याय की गुहार लगाई है।

### एप डाउनलोड करते ही कटी रकम

राइट टाउन स्थित रिलायबल ऑटो सर्विस में बतौर मैनेजर कार्यरत लालमाटी मंगी की डेयरी के पीछे रहने वाले 38 वर्षीय दीपक बर्मन उर्फ बाबू करिया ने बताया कि वह अपने बच्चे की फीस जमा करने के लिए लिटिल वर्ल्ड स्कूल के खाते में गूगल-पे के माध्यम से रकम ट्रांसफर कर रहा था। तभी अचानक ट्रांजेक्शन फेल हो गया। थोड़ी देर बाद उसके मोबाईल पर फोन आया और जालसाज ने उससे कस्टमर केयर का बोलकर बातचीत शुरु कर दी। जालसाज ने उसको एनी डेस्क नाम का एप डाउनलोड कराया और जैसे ही वह डाउनलोड हुआ उसके खाते से 14 हजार की रकम कट गई।

# बोर्ड परीक्षा टाईम टेबिल घोषित होते ही हरकत में आया विभाग

## शहर में बनेंगे 100 परीक्षा केन्द्र, चयन प्रक्रिया जारी

**जबलपुर यशभारत।** बोर्ड परीक्षाओं की समय सारणी घोषित होने के बाद जहां एक तरफ छात्र तैयारियों जुट गये हैं वहीं दूसरी तरफ माध्यमिक शिक्षा मंडल भी परीक्षा के सफल संचालन की तैयारियों में जुटा है. माशिमं ने केंद्रों के निर्धारण में सावधानी बरतने के लिए कहा है। जानकारी के मुताबिक 20 दिसम्बर के पहले जिले में केंद्रों का निर्धारण कर दिया जाएगा। इस बार 100 परीक्षा केंद्र बनाने पर विचार किया जा रहा है। जहां 10वीं और 12वीं की परीक्षा में 50 हजार से अधिक परीक्षार्थियों के शामिल होने की उम्मीद है। 1 मार्च से बोर्ड परीक्षाओं की शुरुआत होगी। परीक्षा केन्द्रों के चयन की प्रक्रिया जारी है. परीक्षा प्रभारी आरके बधान ने बताया बोर्ड परीक्षा केंद्रों के निर्धारण को लेकर तैयारियां शुरू कर दी गई हैं। माशिमं की गाइड लाइन का पालन किया जाएगा। केंद्रों के निर्धारण में विभाग पूरी तरह से सतर्कता बरत रहा



है। जानकारी के मुताबिक इस बार बारहवीं के करीब 22 हजार छात्र और करीब 28 हजार छात्र दसवीं की परीक्षा में शामिल होंगे. जिनके लिये 110 सेंटर सुप्रिटेंडेंट होंगे. वहीं 10 केन्द्राध्यक्ष रिजर्व रखे जाएंगे.

### संसाधन पर विशेष जोर...

छात्रों को किसी तरह की समस्या न हो इसके लिये परीक्षा केंद्रों में ऐसे स्कूलों का चयन किया जाएगा जो तकनीकी रूप से अपडेट हैं। केंद्रों में कंप्यूटर इंटरनेट प्रिंटर फोटोकॉपी मशीन सीसीटीवी कैमरे शुद्ध पानी की व्यवस्था होगी। केंद्रों के चयन में सरकारी अथवा निजी दोनों स्कूलों को शामिल किया जा रहा है। केंद्रों के निर्धारण के लिए कलेक्टर एवं जिला योजना समिति को रिपोर्ट भेजी जा रही है।

### जमीन पर न दिखे छात्र......

इस बार माशिमं की ओर से तय की गई गाइड लाइन में स्पष्ट कर दिया गया है कि जिले में किसी भी केंद्र में कोई भी छात्र जमीन पर बैठकर परीक्षा नहीं देगा। न ही ऐसी कोई नोबत बने कि छात्रों को टेंट लगाकर परीक्षाएं देनी पड़े। इसकी जवाबदारी संबंधित जिला शिक्षा अधिकारी की होगी।

# अपहरण और दुराचार के दोषी को दोहरा आजीवन कारावास

**जबलपुर यशभारत।** पॉक्सो एक्ट के विशेष न्यायाधीश की अदालत ने नाबालिग दलित लड़की को बहला फुसलाकर भगा ले जाने और उसके साथ रेप करने के आरोपी को दोषी पाते हुए दोहरे आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया साथ ही 50 हजार प्रतिकर राशि पीड़िता को प्रदान करने के आदेश दिए। अभियोजन पक्ष के मुताबिक बरगी थाना क्षेत्र में गत 13 जून 2017 को एक नाबालिग लड़की के गायब होने पर उसके पिता द्वारा बरगी थाने में एफआईआर दर्ज कराई गई थी। बरगी पुलिस ने आरोपी शम्भू बर्मन उर्पस गुड्डु बर्मन के खिलाफ धारा 376(2)(ञ)(ढ) सहपठित धारा 3(2)(व्ही) एससी एसटी एक्ट का प्रकरण दर्ज कर न्यायालय में चालान पेश किया। मामलें में अभियोजन पक्ष की ओर से अतिरिक्त जिला लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती स्मृतिलता बरकडे ने पैरवी की जिनके तर्को से सहमत होते हुए आरोपी शंभू उर्पस गुड्डू बर्मन को दोषी पाया।

# चौरसिया समाज के सभी घटकों को एकजुट करने निकली जन चेतना रथयात्रा

## संस्कारधानी आगमन पर जगह-जगह हुआ स्वागत





**जबलपुर,यशभारत।** चौरसिया समाज नवयुवक मंडल के उपाध्यक्ष अनिकेत चौरसिया ने बताया कि मध्यप्रदेश की 100 दिवसीय चौरसिया जनचेतना रथ यात्रा जो नर्मदापुरम होशंगाबाद जिले के सेठानी घाट से प्रारंभ होकर चौरसिया समाज के आदि पूर्वज कुल गुरु चौऋषि महाराज को घर - घर विख्यात करने और समाज के सभी को एकत्रित करने के उद्देश्य से यह जन चेनता रथ यात्रा निकाली जा रही है, जो कि 14 जिलों में भृमण करते हुए बुधवार 14 दिसम्बर को संस्काधानी जबलपुर आगमन होने पर समाज के सभी लोगों ने रथयात्रा का पूजन अर्चन कर एवं यात्रा संवाहक प्रदेश अध्यक्ष गौरव चौरसिया विक्की का स्वागत किया। शोभायात्रा मिलोनीगंज से प्रारंभ होकर विभिन्न मार्गो का करते हुए निकली जहाँ पर चौरसिया समाज, महाकौशल चौरसिया समाज, नवयुवक मंडल एवं महिला मंडल के साथ सामाजिक जनों ने यात्रा मार्ग पर उपस्थित होकर रथयात्रा की पूजन अर्चन स्वागत कर पुष्प वर्षा की। इस यात्रा में मुख्य रूप से विधायक विनय सक्सेना, नगर निगम नेताप्रतिपक्ष कमलेश अग्रवाल, प्रदेश संयोजक शरद अग्रवाल, संजय यादव, सीता राम सेन सम्मिलित हुए। जन चेनता रथ यात्रा में समाज के गौरव चौरसिया, प्रकाश चौरसिया, योगेश चौरसिया, अखिल चौरसिया, सी. के. मोदी, गोपाल पटेल, गोविंद चौरसिया, राहुल चौरसिया, कामना मोदी, अनिकेत चौरसिया, राजू चौरसिया आर. सी., आशीष चौरसिया, लता चौरसिया, रेखा चौरसिया, मुकेश चौरसिया, सुनील चौरसिया, प्रशान्त चौरसिया, सुशील चौरसिया, कृष्ण कुमार चौरसिया, गोपाल नारायण चौरसिया, भगवान दास चौरसिया, चौधरी जगदीश चौरसिया, एड. रामू चौरसिया, गुज्जु चौरसिया, सुधीर चौरसिया, राजेश चौरसिया, अतुल चौरसिया, इजी. आकाश चौरसिया, सौरभ चौरसिया, अमन चौरसिया, दशरथ चौरसिया, आलोक चौरसिया, मनमोहन चौरसिया, संजय चौरसिया के साथ मातृशक्ति, युवा ,समाजजन आदि उपस्थित थे।

# श्री सांई पगड़ी महोत्सव पर भक्तजनों ने निकाली भव्य शोभायात्रा

**जबलपुर,यशभारत।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी श्री सांई परिवार द्वारा श्री सांई दरबार सदर में स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में भव्य रुप से श्री सांई बाबा का ड़ी महोत्सव का आयोजन गुरुवार को भक्तजनों ने किया। सदर सांई मंदिर के प्रमुख पुजारी अर्जुन बाबा जी ने रथ पर बाबा का फोटो व बाबाजी की विशाल पगड़ी रखकर तिलक वंदन माला पहनाकर सभी भक्तजनों ने सांईबाबा की आरती की। शोभायात्रा में मुख्य अतिथियों का तिलक वंदन कर बाबा की चुनरी प्रमुख पुजारी ने भेंट की। पगड़ी महोत्सव शोभायात्रा के दौरान बाबा की पालकी व बग्घी घोड़े, दलदल घोड़ी आकर्षण का केंद्र रही। शोभायात्रा संजय गांधी नगर सदर



केंट से शुरु हुई जो कि सदर के विभिन्न स्थानों से होते हुए सदर सांई बाबा मंदिर परिसर में शोभायात्रा का समापन हुआ, तत्पश्चात विशाल प्रसाद का वितरण किया गया। इस अवसर पर शोभायात्रा में अमरचंद्र बावरिया, संजय जैन, विनय रोहाणी, संतोष विनोदिया, सुशील विनोदिया, चिन्टू चौकसे, सांई मंदिर के सदस्य नितलेश बावरिया, सुचित विनोदिया, विवेक बावरिया, अमित पासी, सनी पिल्ले, सुमित पाासी, आनंद पासी, सपना विश्वकर्मा आदि बाबा के भक्तगण मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना का सम्मेलन नगर निगम द्वारा होगा आयोजित

**जबलपुर,यशभारत।** मध्यप्रदेश शासन, सामाजिक न्याय एवं नि:शक्तजन कल्याण विभाग के अंतर्गत प्रदेश के नि:शक्त, निर्धन एवं कमजोर परिवारों की सहायतार्थ हेतु मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना प्रारंभ की गई है। जिसके अंतर्गत आम लोगों की भावना और उनकी भागीदारी को दृष्टिगत रखते हुये निराश्रित, निर्धन कन्याओं का सामूहिक विवाह किये जाने के संबंध में एक सम्मेलन संस्कारधानी जबलपुर में वृहद स्तर पर आयोजित किया जावेगा, जिसमें सभी जाति वर्गों एवं जरूरतमंदों को इस योजना का लाभ प्राप्त हो सकेगा। नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज ने जानकारी में बताया कि नगर निगम जबलपुर द्वारा इस तरह का एक कार्यक्रम शुभ मुहुर्त में किया जाये जिसके लिये नगर निगम आयुक्त आशीष वशिष्ठ को एक पत्र प्रेषित कर चर्चा की गई।

# रामचरित मानस में जीवन की हर समस्या का समाधान

## युगतुलसी मानस मर्मज्ञ आचार्य श्रीरामकिंकर महाराज की उत्तराधिकारी मंदाकिनी दीदी ने कहा

**जबलपुर, यशभारत।** श्रीराम कथा भक्ति का विज्ञान है। श्रीरामचरित मानस में जीवन की हर समस्यायों का समाधान है। मानस प्रत्येक मानव का मित्र है। मानस प्रत्येक जीव का गुरु है जो जीवन में जीव को अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाता है। मानस पंचम वेद है मानस का प्रत्येक शब्द महामंत्र है। यह बात युगतुलसी मानस ममर्ज आचार्य श्रीरामकिंकर महाराज की उत्तराधिकारी दीदी मां मंदाकिनी दीदी ने बंशीवाले मैरिज गार्डन दमोहनाका में यह बात कही। दीदी मां यहां श्री ठाकुर बिहारी महाराज कुचैनी मंदिर ट्रस्ट के द्वारा 17 से 21 दिसम्बर तक एमजीएम मैरिज पैलेस दमोहनाका में श्रीराम कथा का वर्णन करेंगी। दीदी मां का गुरुवार को नगर



आगमन हुआ।उन्होंने कहा कि अविद्या मानव मात्र के दुःख का कारण है। श्रीराम चरित मानस में समाज की सभी समस्यायों का समाधान है। जीव को कथा श्रवण के साथ उसका अनुशरण करना है। कलियुग में यह संपूर्ण ग्रंथ है। मानस कालजयी ग्रंथ है। उन्होंने कहा कि संस्कारधानी आध्यात्म की नगरी है। श्रीराम कथा में चिंतन प्रधान व्याख्याएं होंगी। कथा प्रतिदिन शाम 6 बजे से होगी। इस मौके पर ट्रस्ट के अध्यक्ष ब्रज बिहारी नागरिया, सुनील कुरेले, वासुदेव शास्त्री, ऊषा नागरिया सहित अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# जबलपुर स्मार्ट सिटी की परियोजनाओं की कलेक्टर ने की समीक्षा

## मिनी स्पोर्ट्स सेंटर के लिए पुन: निविदायें आमंत्रित करें

**जबलपुर, यशभारत।** कलेक्टर, जिला जबलपुर सह चेयरमेन जबलपुर स्मार्ट सिटी लिमिटेड सौरभ कुमार सुमन की अध्यक्षता में दिनांक 15 दिसम्बर 2022 को स्मार्ट सिटी कार्यालय में स्मार्ट सिटी जबलपुर द्वारा संचालित परियोजनाओं की समीक्षा बैठक आयोजित हुई। जिसमें आशीष वशिष्ठ आयुक्त नगर निगम जबलपुर, श्रीमति निधि सिंह राजपूत, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जबलपुर स्मार्ट सिटी लि, कार्यपालन यंत्री शिवेन्द्र सिंह, अनिकेत गौरिया, सहायक यंत्री, कविश मिश्रा, सहा. यंत्री, बालेन्द्र शुक्ला, जी.आई.एस. एक्सपर्ट, अर्पित नेमा, असिस्टेंट अर्बन प्लानर, अभिलाष पाण्डेय, उपयंत्री, निशांत मिश्रा, उपयंत्री विद्युत, सिविल कार्य हेतु अधिकृत पी.डी.एम.सी. एजेंसी के टीम लीडर एवं परियोजनाओं के कान्ट्रेक्टर उपस्थित हुये। समीक्षा बैठक में चेयरमैन ने स्मार्ट सिटी जबलपुर द्वारा तैयार किये गये शिव नगर एवं शक्तिनगर मिनी स्पोर्टस सेंटर के संचालन एवं संधारण हेतु एजेंसी



नियुक्त किये जाने हेतु पुनः निविदायें आमंत्रित किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये है। उन्होंने मल्टी स्पोर्ट्स काम्पलेक्स के संचालन एंव संधारण हेतु अलग अलग गतिविधियों के अनुसार निविदायें जारी किये जाने हेतु निर्देशित किया है। उन्होंने अंधमूक चौराहे पर स्मार्ट सिटी जबलपुर द्वारा विकसित किये जा रहे चौराहे को हार्टफुलनेस संस्था द्वारा संधारण हेतु दिये जाने के लिये अनुबंध की कार्यवाही किये जाने एवं एनएचएआई से उनके स्वामित्व क्षेत्र में विकास कार्य हेतु एनओसी प्राप्त करने हेतु आवश्यक कार्यवाही किये जाने के निर्देश प्रदान किये गये। उन्होंने स्मार्ट सिटी परियोजना से वित्त पोषित बायो.सी.एन.जी. संयंत्र की स्थापना का कार्य सांची दुग्ध संघ द्वारा स्थापित किया जा रहा है जिसका विस्तृत प्रस्तुतिकरण सांची दुग्ध संघ द्वारा अनुबंधित एजेंसी द्वारा दिया गया है। अगले सप्ताह उक्त कार्य की समीक्षा फील्ड निरीक्षण के साथ करना सुनिश्चित किया गया है। साथ ही एजेंसी को निर्देशित किया गया है कि कार्य को समय सीमा में पूर्ण करने हेतु विभिन्न विभागों से आवश्यक अनुमतियां प्राप्त कर ली जावें एवं आयात होने वाली सामग्रियों की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित हों।

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**

रा.प्र.क्र/अ-6/2022-2023
अधारताल, दिनांक 9/12/ 22

**-: आम इश्तहार :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संतोष कुमार अग्रवाल पिता स्व. बद्रीप्रसाद अग्रवाल निवासी तमरहाई चौक जबलपुर के द्वारा मौजा ब्लॉक नं 7 चेरीताल प्लॉट नंबर 135/2, 141, 142 रकवा 480 वर्गफुट एवं प्लाट नं 134 रकवा 165 भूमि जो राजस्व रिकार्ड में संतोष कुमार, ओमप्रकाश, अशोक कुमार पिता स्व बद्री प्रसाद सा. तमरहाई के नाम से दर्ज है। उक्त भूमि पर अशोक कुमार से जिनकी मृत्यु दिनांक 12.9.21 को हो जाने से वारसान हक में वसीयत नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 29/12/22 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी कियागया।
जारी दिनांक - 5/12/22
पेशी दिनांक - 21/12/2022

**तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**

**न्यायालय तहसीलदार, तहसील अधारताल, जिला जबलपुर**

रा.प्र.क्र.851/अ-6/2018-2019
अधारताल, दिनांक 5/12/ 22

**-: आम इश्तहार :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक मुश्तरी अंजुम पिता बाबू सलाम अंसारी निवासी 51 सरदार एजेंसी गोहलपुर के द्वारा मौजा ब्लॉक नंबर 15 प्लॉट नंबर 181/2 स्थित भूमि ासरा नंबर में से रकवा 411 वर्गफुट भूमि जो राजस्व रिकार्ड में बाबू सलाम पिता अब्दुल हक के नाम से दर्ज है। इस भूमि पर दर्ज भूमिस्वामी की मृत्यु हो जाने से विरासतन हक में नामांतरण हेतु आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है।

तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा या आपत्ति हो तो नियत पेशी दिनांक 21/12/22 तक इस न्यायालय में स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से प्रस्तुत कर सकता है। समयावधि व्यतीत हो जाने के पश्चात प्रस्तुत दावा/आपत्ति पर विचार नहीं किया जावेगा।

आज न्यायालय की मुद्रा व मेरे हस्ताक्षर से जारी कियागया।
जारी दिनांक - 5/12/22
पेशी दिनांक - 21/12/2022

**तहसीलदार**
**अधारताल, जबलपुर**

# देशी पिस्टल ताने खड़ा था बदमाश, पुलिस ने दबोचा

## तस्कर से खरीदा था हथियार, गैंग का पर्दाफाश करने खाक छान रही पुलिस



**जबलपुर, यशभारत।** ग्वारीघाट में क्राइम ब्रांच और पुलिस ने दबिश देते हुए देशी पिस्टल ताने खड़े एक आरोपी को दबोचा है। आरोपी के पास हथियार कहां से आया, इसकी जांच की जा रही है। प्रारंभिक जांच में पता चला है कि आरोपी किसी बारदात को अंजाम देने के लिए हथियार तस्कर से पिस्टल खरीदी थी। पुलिस अब पूरी गैंग को तलाश करने में जुटी है। थाना प्रभारी ग्वारीघाट श्रीमति भूमेश्वरी चौहान ने बताया कि क्राईम ब्रांच को सूचना मिली कि सिद्धघाट के उपर मोहित चाय दुकान में 3-4 युवक खड़े हैं जो देशी पिस्टल रखे है। जिसके बाद टीम गठित कर पुलिस ने अभय उपाध्याय 25 वर्ष निवासी राधा स्वामी का बाड़ा फूटाताल थाना बेलबाग को दबोचा गया। आरोपी के कब्जे से एक देशी पिस्टल ,1कारतूस एवं एप्पल कम्पनी का मोबाइल जब्त करते हुये कार्रवाई की गई।

# सातवीं की छात्रा से छेड़छाड़ : बदमाशों ने हाथ पकड़कर किए अश्लील कमेंट



**जबलपुर, यशभारत।** पनागर के कसही में सातवीं की छात्रा से छेड़खानी का एक मामला सामने आया है। जहां स्कूल जा रही छात्रा का हाथ पकड़कर दो बदमाशों ने पहले तो अश्लील कमेंट्स किए और फिर उठा लेने की धमकी दी। जिसके बाद दहशत में आई छात्रा सीधे घर लौट गयी और परिजनों सहित थाने आकर रिपोर्ट दर्ज करवाई। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, जांच में लिया है। पुलिस ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि 14 वर्षीय छात्रा ने बताया कि वह स्कूल में पढ़ती है। रास्ते में आवारा शोहदे रोज-रोज छींटाकशी करते है। लेकिन लोकलाज के कारण वह चुप रही। लेकिन उससे बदमाशों के हौसले बढ़ गए। जिसके बाद दो अज्ञात शोहदों ने छात्रा पर शादी कर लेने का दबाव बनाया और बात नहीं मानने पर उठा लेने की धमकी भी दी। डरी-सहमी छात्रा ने घर जाकर पूरी बात परिजनों को बताई। जिसके बाद परिजनों ने थाने में सूचना दी। प्रकरण दर्ज होने के बाद पुलिस अब आरोपियों को तलाश करने में जुटी है।

**रोजगार प्रशिक्षण**

क्या आप रोजगार चाहते हैं

आईये! हमारे प्रशिक्षण कार्यक्रम से जुड़े और एक अच्छा रोजगार पायें

कार्यक्रम सिर्फ 18 से 30 आयुवर्ग के लिए है

register nline@
https://www.grow.org.in

**90099-85689**

**कार्यालय प्राचार्य शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर (मप्र)**

(नैक द्वारा B ग्रेड प्रदत्त)

E-Mail address- hegsmgcnar@mp.gov.in
Tel/Fax No - 07794-236543 MO No 9407396144
College Web Site-http://govtgiriscollegenarsinghpur.com

क्र 768/स्था/2022 नरसिंहपुर 15/12/2022

**निविदा**

शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर में केंटीन संचालन का नवीनीकरण किया जाना है। इस हेतु महाविद्यालय की भूतपूर्व छात्राओंसे निम्न शर्तो के अधीन निविदा आमंत्रितकी जाती है। निविदा प्रकाशन के 7 दिवस के भीतर की निविदा मान्य की जावेगी।

1 न्यूनतम मूल्य पर उच्च पोषण स्तर आहार का विक्रय।
2 केंटीन संचालन कान्ट्रेक्ट की अवधि अधिकतम 5 वर्ष की होगी।

**श्रीमती कृष्णा शर्मा प्राचार्य**
**शासकीय श्याम सुंदर नारायण मुशरान महिला महाविद्यालय नरसिंहपुर**



## अब पड़ेगी कड़ाके की सर्दी

# भोपाल में पारा चढ़ा

**भोपाल, यशभारत।** एमपी के कई जिलों में रात का तापमान सामान्य से ऊपर बना हुआ है। राजधानी भोपाल में बारिश थमने के बाद भी तापमान में कमी नहीं आई है। मौसम विभाग के अनुसार जल्द ही न्यूनतम तापमान में गिरावट देखी जाएगी क्योंकि राज्य के कुछ स्थानों पर रेकॉर्ड बारिश हुई है। शुक्रवार को मौसम विभाग ने अपने पूर्वानुमान में बताया कि आसमान सारफ और मौसम शुष्क रहेगा। दिन में अधिकत में तापमान 28 डिग्री सेल्सियस रहेगा। इसके साथ ही न्यूनतम तापमान 14 डिग्री सेल्सियस रहने का पूर्वानुमान है। हवा की औसत गति 14 किमी प्रति घंटा रहने का पूर्वानुमान है। राज्य पूर्वानुमान में मौसम विभाग ने इंदौर संभाग, बैतूल और हरदा सहित अन्य जिलों में हल्की बारिश की संभावना जताई है। राज्य के अन्य स्थानों पर मौसम शुष्क रहेगा। भोपाल मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि राज्य के ऊपर अरब सागर से नमी आ रही थी, जिससे राज्य के कुछ हिस्सों में बादल छाए हुए थे। इससे कुछ जगहों पर बारिश हो सकती है। सिस्टम के साफ होते ही रात में तापमान कम होने लगेगा।

### ग्वालियर में सबसे ज्यादा ठंड

भोपाल में गुरुवार को दिन का तापमान सामान्य से एक डिग्री अधिक 27.8 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड किया गया है। वहीं, शहर में रात का तापमान सामान्य से पांच डिग्री अधिक 16.0 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया है। शहर में हवा की दिशा उत्तर पूर्वी थी जबकि औसत हवा की गति दस किलोमीटर प्रति घंटा थी। प्रदेश में सबसे कम तापमान ग्वालियर में 7.7 डिग्री सेल्सियस रेकॉर्ड किया गया है। वहीं, गुरुवार को सुबह साढ़े आठ बजे तक पिछले 24 घंटों में जिन स्थानों पर बारिश दर्ज की गई, उनमें खरगोन में 13.8 मिमी, बैतूल में 12.8 मिमी, खंडवा में 11 मिमी, छिंदवाड़ा में 9.6 मिमी, इंदौर में 3.2 मिमी और सिवनी में 2.6 मिमी बारिश दर्ज की गई है।

## कांग्रेस संगठन में बड़े बदलाव की तैयारी

# 2018 के फॉर्मूले पर नई टीम बना रहे कमलनाथ

## अनुभवी नेताओं को चुनाव में मिलेगी अहम जिम्मेदारी

**भोपाल,यशभारत।** मध्य प्रदेश में विधानसभा चुनावों के करीब 11 महीने पहले कांग्रेस संगठन में बड़े पैमाने पर बदलाव की तैयारी हो रही है। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमलनाथ अपनी टीम में बड़ा फेरबदल करने जा रहे हैं। प्रदेश में राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा के बाद प्रदेश संगठन को चुस्त-दुरूस्त करने की कवायद शुरू की गई है। इसके जरिए प्रदेश कार्यकारिणी का आकार छोटा करने के साथ नॉन-परफॉर्मिंग नेताओं की छुट्टी भी की जाएगी। जानकारी के मुताबिक नई टीम अगले साल जनवरी तक अपना कामकाज संभाल लेगी और चुनाव की तैयारियों में लग जाएगी।

### 2018 का फॉर्म्यूला अपनाएंगे कमलनाथ

प्रदेश कांग्रेस की मौजूदा कार्यकारिणी में सदस्यों की संख्या 150 से ज्यादा है। इसमें उपाध्यक्ष, महासचिव, सचिव सहित अन्य पदाधिकारी शामिल हैं। नई टीम में इनकी संख्या करीब आधी रह जाएगी। नई टीम में अनुभवी नेताओं को महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी जाएंगी। कमलनाथ ने



2018 में भी अपनी टीम में अनुभवियों को जगह दी थी जो काफी सफल रही थी।

### चुनाव लड़ने वालों को संगठन में जगह नहीं

2023 में चुनाव लड़ने वालों को संगठन में कोई जिम्मेदारी नहीं दी जाएगी। नई टीम में भारत जोड़ो यात्रा का असर भी देखने को मिलेगा। संगठन के मौजूदा पदाधिकारियों को यात्रा के दौरान महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां सौंपी गई थीं, लेकिन खंडवा और बुरहानपुर से कई शिकायतें मिली हैं। कमजोर परफॉर्मेंस वाले पदाधिकारियों को भी टीम से बाहर का रास्ता दिखाया जाएगा।

### बड़े नेताओं की भी होगी छुट्टी

प्रदेश कांग्रेस के छह में से पांच महामंत्री विधायक भी हैं। उन्हें महामंत्री पद से हटाया जा सकता है। कमलेश्वर पटेल और नर्मदा प्रसाद प्रजापति वरिष्ठ उपाध्यक्ष हैं। दोनों फिलहाल विधायक हैं और अगला विधानसभा चुनाव भी लड़ेंगे। उन्हें भी संगठन की जिम्मेदारियों से मुक्त किया जाएगा। जीतू पटवारी, बाला बच्चन, रामनिवास रावत और सुरेंद्र चौधरी कार्यकारी अध्यक्ष हैं और चुनाव लड़ने की तैयारी में हैं। उनकी भूमिकाएं भी बदले जाने की संभावना है। इसी तरह, डॉ. गोविंद सिंह नेता प्रतिपक्ष और पार्टी के वरिष्ठ उपाध्यक्ष भी हैं। उन्हें उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी से मुक्त किया जा सकता है। हालांकि, बड़े नेताओं के बारे में कोई भी फैसला पार्टी आलाकमान की सहमति से लिया जाएगा।

## अलाव से रजाई में लगी आग झुलसने से युवक की मौत

**भोपाल यशभारत।** मिसरोद इलाके में रहने वाले युवक की रजाई में आग लगने से झुलसकर मौत हो गई। वह रात में खेत में पानी लगाकर आया था। घर के बाहर बिस्तर के पास ही आग जलाकर सो रहा था, तभी अचानक रजाई में आग पकड़ ली। आनन-फानन में स्वजन ने उसे हमीदिया में भर्ती कराया। इलाज के दौरान बुधवार रात युवक ने दम तोड़ दिया।मिसरोद थाना पुलिस के मुताबिक ग्राम रानी पिपलिया का रहने वाला 25 वर्षीय विजय पुत्र नर्मदा प्रसाद लोवंशी खेती करता था। जमीन कम होने के कारण वह दूसरे किसानों के खेतों में भी करता था। 11ङ्क12 दिसंबर की दरमियानी रात को खेत में पानी लगाकर घर आया था। रात के समय पर घर के बाहर रखे पलंग पर रजाई ओढ़कर सो गया था। पलंग के पास ही ठंड से बचने उसने अलाव भी जला रहा था। नशे में होने के कारण वह गहरी नींद में सो गया था। उधर अलाव से रजाई ने आग पकड़ ली। जिसके चलते विजय के शरीर का बायां हिस्सा लगभग 80 प्रतिशत तक झुलस गया था। सुबह घर के लोग बाहर निकले तो विजय को बुरी तरह कराहते देखा। उसे हमीदिया अस्पताल में ले जाकर भर्ती करा दिया गया था। उपचार के दौरान बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे विजय की मौत हो गई।

# डेंगू की रोकथाम, ठंड बढ़ी तो थम गया डेंगू

## दिसंबर के 15 दिन में मिले सिर्फ 16 मरीज

**भोपाल यशभारत।** दिसंबर में पड़ रही कड़ाके की ठंड से राजधानी में डेंगू का संक्रमण थम गया है। दिसंबर के 15 दिन में महज 16 मरीज ही सामने आए हैं। जबकि, नवंबर में 221 मरीज मिले थे। इस महीने एक दिन में औसतन एक मरीज मिल रहा है। जबकि, नवंबर में हररोज 7 से ज्यादा मरीज सामने आ रहे थे।



बीते साल डेंगू के 781 नए मरीज सामने आए थे। नवंबर में 194 मरीज मिले थे। लेकिन, इस बार नवंबर में नए मरीजों की संख्या तेजी से ब? रही थी। अकेले नवंबर में 221 मरीज सामने आए, जो कुल 651 मरीजों का करीब 34 प्रतिशत है। जिसे देखते हुए आशंका यह जताई जा रही थी कि डेंगू मरीजों की संख्या बीते साल के आंक?ों को पीछे छो? देगी। लेकिन, दिसंबर में तेजी से गिरे तापमान के कारण डेंगू संक्रमण लगभग समाप्त हो गया है।

### मौतों के बाद हुए सक्रिय

नवंबर के अंतिम और दिसंबर के पहले सप्ताह में तीन मौत के बाद अमला सक्रिय हुआ। बैरागढ़, कोलार में फॉगिंग और डेंगू लार्वा सर्वे किया और जागरुकता अभियान चलाए।

> डेंगू के नए मरीज अब नहीं मिल रहे हैं। ये अमले की लगातार मेहनत और मौसम के बदले मिजाज के कारण है। दिसंबर में हर साल नए मरीज कम हो जाते हैं।
>
> **-अखिलेश दुबे, जिला मलेरिया अधिकारी**

## अब कोर्ट में मैरिज करने से पहले रजिस्टार करेंगे वेरिफिकेशन, एमपी के गृहमंत्री ने दी जानकारी

**भोपाल,ईएमएस।** मध्यप्रदेश में लव जिहाद को लेकर शिवराज सरकार सख्त कदम उठा रही है। गुरुवार को गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा ने कहा- लव जिहाद की घटनाओं को रोकने के लिए मैरिज रजिस्ट्रार ब्यूरो और विवाह की अन्य पंजीयन संस्थाओं को लड़का-लड़की का पुलिस वेरिफिकेशन कराने पर सरकार गंभीरता से विचार कर रही है। उन्होंने कहा कि इस कदम से लव जिहाद की घटनाओं को रोका जा सकता है। बता दें कि सीएम शिवराज भी लव जिहाद के कानून को सख्त करने की बात कर चुके हैं। सीएम शिवराज ने कहा था कि कोई हमारी बेटियों के 35 टुकड़े कर दें ये हम बर्दाश्त नहीं करेंगे। जरूरत पड़ी तो कानून को और सख्त बनाएंगे।

# उच्च शिक्षा विभाग में निकलेगी बम्पर भर्तियां

## 4 हजार में से 2053 पदों पर होगी भर्ती, MPPSC को प्रस्ताव भेजा

**भोपाल ,ईएमएस।** मध्यप्रदेश में रोजगार को लेकर बड़ी खबर है। उच्च शिक्षा विभाग 2 हजार से ज्यादा पद भरने जा रहा है। उच्च शिक्षा विभाग में 4 हजार से ज्यादा पद खाली पड़े हैं। इनमें से 2053 पदों पर भर्ती निकाली गई है। इस संबंध में उच्च शिक्षा विभाग ने रोस्टर फाइनल कर स्खक्स्ट को भर्ती प्रस्ताव भेज दिया है।



उच्च शिक्षा मंत्री डॉ. मोहन यादव ने बताया कि विभाग में जल्द ही 4 हजार से अधिक रिक्त पदों पर भर्ती होगी। विभाग में 2053 रिक्त पदों पर भर्ती के लिए रोस्टर फाइनल कर स्खक्स्ट को भर्ती का प्रस्ताव ऑनलाइन भेजा जा चुका है। पहले चरण में सहायक प्राध्यापक के विभिन्न विषयों के 1669 पदों, ग्रंथपाल के 255 पदों एवं खेल अधिकारी के 129 रिक्त पदों पर भर्ती होगी। उन्होंने बताया कि अराजपत्रित संवर्ग के रिक्त पद कर्मचारी चयन मंडल से भरे जाएंगे।

### दूसरे चरण में शेष पद भरे जाएंगे

खाली पद दो चरणों में भरे जाएंगे। पहले चरण में 2053 पद भरे जा रहे हैं। दूसरे चरण में शेष पदों पर भर्ती की जाएगी। हालांकि, यह पद कब भरे जाएंगे, इस संबंध में कोई निर्णय नहीं लिया गया है।

### दिसंबर में ही निकलेंगी भर्ती

जानकारी के अनुसार उच्च शिक्षा विभाग ने इसका प्रस्ताव स्खक्स्ट को भेज दिया है। उसने भी लगभग सहमति दे दी है। इस संबंध में जल्द ही विज्ञापन भी जारी किया जा सकता है। सूत्रों की मानें तो दिसंबर खत्म होने से पहले यानी इसी साल इस संबंध में भर्ती निकल जाएंगी।

## भोपाल दुनिया का अकेला शहर, जहां अर्बन टाइगर मैनेजमेंट : WII बनाएगा

**भोपाल, यश भारत।** पांच दिन पहले पेंच नेशनल पार्क में बाघ ने एक व्यक्ति की जान ले ली, दूसरे को घायल कर दिया। इससे गुस्साए ग्रामीणों ने बाघ को रेस्क्यू करने गई टीम पर जानलेवा हमला कर दिया। इसमें वन्य प्राणी चिकित्सक गंभीर रूप से घायल हुए। यह स्थिति को देखते हुए भोपाल जिले के बाघों के रहन सहन को अब देशभर में मॉडल की तरह रखा जाएगा। दरअसल भोपाल में रह रहे 15 बाघों ने छोटे से इलाके को बांट रखा है। भोपाल, देश का ही नहीं विश्व का एकमात्र शहर है, जहां टाइगर और इंसान साथ-साथ रह रहे हैं। यहां कभी भी इंसानों और बाघों के बीच संघर्ष नहीं हुआ।स्टूडेंट ने 3 साल तक की रिसर्चबाघों और इंसानों की बीच बने इस समन्वय पर वाइल्ड लाइफ इंस्टीट्यूट ऑफ इंडिया (डब्ल्यूआईआई) के स्टूडेंट ने तीन साल रिसर्च की है। इसे अर्बन टाइगर मैनेजमेंट नाम दिया गया है। इसकी रिपोर्ट डब्ल्यूआईआई को भेजी गई है। इस पर एक डाक्यूमेंट्री भी बनाई जाएगी ताकि लोग समझें कैसे मनुष्य और बाघ कैसे साथ रहते हैं।रिसर्च के लिए 3 साल तक ट्रैप कैमरे, थर्मल इंफ्रारेड कैमरे से बाघों के वीडियो कैप्चर किए। उनके मूवमेंट और पगमार्कों को जुटाया। बाघों का पीछा करके हरेक का डेटा बैंक तैयार किया।2018 की रिपोर्ट के अनुसार देश में 2967 बाघ हैं। सबसे अधिक 526 बाघ मप्र में हैं।

> **डॉक्यूमेंट्री लोग समझें कि कैसे साथ रहते हैं इंसान और बाघ**

## चैट में पति लिख रहा था ऐसी बातें, पत्नी ने कर दिया ब्लॉक तो लगा ली फांसी

**भोपाल, ईएमएस।** बागसेवनिया थाना इलाके में रहने वाले एक युवक ने घर में फांसी लगा ली। दरअसल रात के समय वह नशे की हालत में रिश्तेदार के घर में मांगलिक कार्यक्रम में शामिल होने गई पत्नी से चैटिंग कर अनर्गल बातें लिख रहा था। गुस्से में पत्नी ने पति को वाट्सएप पर ब्लाक कर दिया। इससे खफा होकर पति ने फांसी लगा ली। बागसेवनिया थाना पुलिस के मुताबिक 27 वर्षीय ऋषभ पुत्र प्रकाश मस्के अमराई में संयुक्त परिवार में रहता था। वह निजी काम करता था। उसका एक दो साल का बेटा है।परिवार में पत्नी के अलावा पिता और भाई भी है। उसके पिता और भाई सुसुरक्षा गार्ड की नौकरी करते हैं। ऋषभ को शराब पीने की लत थी। जिसके चलते उसका आए दिन पत्नी से विवाद होता रहता था। मंगलवार को ऋषभ के रिश्तेदार के घर में मांगलिक कार्यक्रम था। उसमें शामिल होने के लिए ऋषभ की पत्नी, बच्चे को साथ लेकर शाम को पहुंच गई थी।

## 60प्रश स्कूल बसों के ड्राइवर कंडक्टर और केयर टेकर का नहीं हुआ पुलिस वेरिफिकेशन

### मध्य प्रदेश बाल अधिकार संरक्षण आयोग ने जताई नाराजगी

**भोपाल, यशभारत।** राजधानी के करीब 60त्र स्कूल बसों के ड्राइवर, कंडक्टर और केयर टेकर का पुलिस वेरिफिकेशन नहीं हुआ है। इसको लेकर मप्र बाल अधिकार संरक्षण आयोग नाराज हैं। आयोग ने सभी स्कूलों से जवाब मांगा है कि उनके यहां कितनी बसें संचालित हो रही हैं। इसके अलावा बसों के लिए अप्वाइंट ड्राइवर, कंडक्टर और केयर टेकर की भी पूरी जानकारी मांगी हैं। दरअसल शहर में अभी 100 से ज्यादा सीबीएसई स्कूल, 400 से ज्यादा एमपी बोर्ड के प्राइवेट स्कूल हैं, जिनमें बसें और वैन बच्चों के परिवहन के लिए चल रही हैं। इनमें से केवल 40 फीसदी स्कूलों के पास ही उनके यहां काम करने वाले बस ड्राइवर, कंडक्टर और केयर टेकर का पुलिस वेरिफिकेशन है। शेष ने अब तक पुलिस वेरिफिकेशन नहीं कराया है। यह हाल तब है जबकि आयोग पहले भी कई बार शिक्षण संस्थाओं, जिला शिक्षा अधिकारी आदि को पत्र लिख चुका है।बिलाबॉन्ग स्कूल की घटना के बाद शहर के 12 से ज्यादा स्कूलों ने बसों को जीपीएस ट्रैकिंग सिस्टम से जो?कर उसका एक्सेस अभिभावकों को दिया है। इसमें बस किस समय निकली और कहां पहुंची, सारी जानकारी मोबाइल पर दिखाई देती है। ड्राइवर का नंबर भी शो होता है। पेनिक बटन भी है। प्राइवेट बसें और वैन में यह सिस्टम नहीं है।

## नशीला पदार्थ खिलाकर महिला से होटल में दुष्कर्म, ब्लैकमेल कर दंपती ऐंठ रहे थे रुपये

**भोपाल यशभारत।** राजधानी के श्यामला हिल्स थाना अंतर्गत एक होटल में 38 वर्षीय एक महिला से दोस्त द्वारा नशीला पदार्थ खिलाकर दुष्कर्म करने और उसका अश्लील वीडियो बनाने का मामला सामने आया है। पीड़िता ने श्यामला हिल्स थाने पहुंचकर आरोपित धर्मेंद्र मिश्रा एवं उसकी पत्नी मोनिका मिश्रा पर बलात्कार, ब्लैकमेल कर रुपये ऐंठने एवं जान से मारने की धमकी देने जैसे संगीन आरोप लगाए हैं। शिकायत पर मामला दर्ज कर प्रकरण की जांच शुरू कर दी गई है। श्यामला हिल्स थाना पुलिस के मुताबिक टीटी नगर क्षेत्र में रहने वाली एक महिला ने पुलिस को बताया कि धर्मेंद्र मिश्रा ने उसके साथ दोस्ती कर उसके भरोसे का गलत इस्तेमाल किया। होटल में खाना खिलाने के बाद धर्मेंद्र मिश्रा ने उसे होटल के प्राइवेट कमरे में बुलाया। वहां नशीला पदार्थ खिलाकर उसके साथ गलत काम किया एवं इसका वीडियो भी तैयार कर लिया। दूसरे दिन से धर्मेंद्र मिश्रा एवं उसकी पत्नी मोनिका मिश्रा वीडियो वायरल करने की धमकी देकर पैसे की डिमांड करने लगे। महिला ने पुलिस के सामने दावा किया है कि आनलाइन एवं नगद माध्यम से आरोपी धर्मेंद्र मिश्रा को वह लगभग 50 लाख प्रदान कर चुकी है, महिला का आरोप है कि आरोपित एवं उसकी पत्नी आए दिन ब्लैकमेल करने के बाद मारपीट भी करते थे। परेशान होकर वह थाने में रिपोर्ट दर्ज कराने के लिए आई है।



## 16 जिलों में बिजली के लिए गाइडलाइन

**भोपाल , यशभारत। मध्यप्रदेश के भोपाल, नर्मदापुरम, ग्वालियर समेत 16 जिलों की अघोषित अवैध कॉलोनी में भी अब बिजली कनेक्शन मिल सकेंगे। इसके लिए 34 से 88 हजार रुपए तक चुकाने होंगे। बिजली कनेक्शन के लिए गाइडलाइन तय की गई है।**

# अघोषित अवैध कॉलोनी में कनेक्शन मिलेंगे चुकाने होंगे 34 से 88 हजार रुपए तक

अघोषित अवैध कॉलोनियों में रहने वाले ऐसे लोग, जिनके पास स्वयं का स्थाई बिजली कनेक्शन उपलब्ध नहीं है, उनके लिए मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने स्थाई विद्युत कनेक्शन उपलब्ध कराने की पहल की है। कंपनी कार्यक्षेत्र के भोपाल, नर्मदापुरम्, ग्वालियर एवं चंबल संभाग के 16 जिलों के अंतर्गत आने वाली समस्त अघोषित अवैध कॉलोनियों के रहवासियों को भूखंड के क्षेत्रफल के आधार पर विद्युत अधोसंरचना शुल्क, कनेक्शन शुल्क एवं सप्लाई अफोर्डिंग चार्जेज राशि की गणना कर राशि निर्धारित कर दी गई है।



### इतनी राशि तय की

500 वर्गफुट क्षेत्रफल तक के गरीबी रेखा से नीचे के रहवासियों को 34 हजार 256 रुपए एकमुश्त जमा करने के बाद स्थाई विद्युत कनेक्शन मिलेगा।500 वर्गफुट क्षेत्रफल तक के गरीबी रेखा से ऊपर के रहवासियों को 34 हजार 322 रुपए देने होंगे। 501 से 1000 वर्गफुट क्षेत्रफल तक के लिए 51 हजार 223 रुपए लगेंगे।1001 से 1500 वर्गफुट क्षेत्रफल तक के लिए 71 हजार 188 रुपए की राशि तय की गई है।

1501 से 2000 वर्गफुट क्षेत्रफल तक के परिसर में स्थाई विद्युत कनेक्शन के लिए 88 हजार 875 रुपए देने होंगे।

### सामूहिक आवेदन करते हैं तो यह होगा

कॉलोनी के सामूहिक आवेदन की स्थिति में संपूर्ण जमा योजना अथवा सुपरविजन चार्ज योजना के अंतर्गत भी आवश्यक विद्युत अधोसंरचना विस्तार के पश्चात् स्थाई विद्युत कनेक्शन जारी करने का प्रावधान है।

भोपाल संभाग के भोपाल, सीहोर, रायसेन, राजगढ़ और विदिशा, ग्वालियर संभाग के ग्वालियर, शिवपुरी, गुना, अशोकनगर और दतिया, चंबल संभाग के शिवपुरी, मुरैना और भिंड, नर्मदापुरम संभाग के नर्मदापुरम, हरदा और बैतूल जिले में यह राहत दी गई है।

### बिजली चोरी करने पर होगी कार्रवाई

बिजली कंपनी के अधिकारियों ने लोगों से अनुरोध किया है कि वे निर्धारित शुल्क जमा करके कनेक्शन ले लें। वरना जांच में चोरी करते पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। बिजली चोरी के मामलों में विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 126, 135 एवं 138 के तहत बनने वाले मुकद्मों के तहत कार्रवाई का प्रावधान है। दोषी उपभोक्ताओं को बिजली चोरी के प्रकरणों में आरोप सिद्ध पाए जाने पर जुर्माना या जेल की सजा भी हो सकती है।

# कृषि अधिकारियों की निगरानी में यूरिया वितरण



**पाटन, यशभारत।** किसान कल्याण तथा कृषि विभाग शाहपुरा पाटन कि अनुविभागीय अधिकारी डॉक्टर इंदिरा त्रिपाठी ने उप संचालक कृषि डॉ एसके निगम के निर्देश पर डबल लॉक केंद्र एवं निजी आदान विक्रेता केंद्र पाटन एवं शाहपुरा का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान किसानों को बताया गया कि यूरिया का भंडारण पर्याप्त मात्रा में किया जा रहा है साथ ही डीएपी उर्वरक का भंडारण भी सुनिश्चित किया जा रहा है। वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी पंकज श्रीवास्तव शाहपुरा एवं श्रीकांत यादव पाटन ने विकासखंड के आदान विक्रेताओं के केंद्रों से खाद एवं कीटनाशकों के नमूने गुणवत्ता परीक्षण हेतु एकत्रित किए । ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी रजनीश दुबे, बीएस ठाकुर, के के डेहरिया एवं जे. पी. त्रिपाठी ने यूरिया वितरण की व्यवस्था संभालते हुए किसानों को टोकन जारी कर वितरण व्यवस्था को सुचारू रूप से संचालित किया । तकनीकी सलाह देते हुए कृषि अधिकारियों ने किसानों को बताया अधिक यूरिया देने से फसल में बढवार आ जाती है जिससे उत्पादन में कमी आती है एवं उचित व संतुलित मात्रा में उर्वरक दिया जाना चाहिए जिसमे यूरिया डी. ए. पी. के अलावा अन्य खाद जैसे एस. एस. पी. एन. पी.के. आदि खाद का भी उपयोग करे जिससे संतुलित मात्रा में नाइट्रोजन , फास्फोरस के साथ साथ कैल्सियम, सल्फर आदि तत्व भी मिल सके । डॉ. इंदिरा त्रिपाठी ने किसानों से अपील की है कि आदान सामग्री का पक्का बिल अवश्य लें एवं ज्यादा रेट पर आदान सामग्री मिलने की लिखित शिकायत कृषि विभाग को करे।

# क्षेत्रीय विधायक ने लिया निर्माण कार्यों का जायजा



**पाटन, यशभारत।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मैं सिविल अस्पताल की सभी सुविधाएं एवं बिस्तरों की संख्या में इजाफा करने के लिए अस्पताल परिसर में निर्माण कार्य किया जा रहा है और इन्हीं निर्माण कार्य का जायजा क्षेत्रीय विधायक द्वारा गुरुवार को लिया गया 100 बिस्तर के सिविल अस्पताल का निर्माण पुलिस हाउसिंग सोसायटी द्वारा 10 करोड़ की लागत से किया जा रहा है जी प्लस वन कैटेगरी के अंतर्गत अस्पताल को 40 से 100 बिस्तरों का किया जा रहा है निर्माण कार्य को पूरा करने शासन द्वारा जून 2023 का समय निर्धारित किया गया है और और इन सब निर्माण कार्यों का जायजा विधायक अजय विश्नोई द्वारा लिया गया जिसमें अस्पताल में उपलब्ध होने वाली सभी सुविधाओं की जानकारी खंड चिकित्सा अधिकारी डॉक्टर आदर्श विश्नोई द्वारा प्रदान की गई निरीक्षण के दौरान एसडीएम शाहिद खान के साथ देवेंद्र यादव नगर परिषद उपाध्यक्ष शक्ति देव कुमार पार्षद सत्यम मेहरा और आदित्य नामदेव के साथ जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## डीआरएम कार्यालय में परामर्श समिति की बैठक संपन्न

# 16 सदस्यों ने उपस्थित होकर रेल यात्रियों से सम्बंधित सुझाव प्रस्तुत किये

**जबलपुर यशभारत। जबलपुर रेल मंडल की रेल उपभोगकर्ता परामर्श समिति (डीआरयूसीसी) की 147 वी बैठक मंडल कार्यालय में आयोजित की गयी. इस बैठक में मंडल के 16 जिलों के आमंत्रित 22 सदस्यों में से 16 सदस्यों ने उपस्थित होकर अपने अपने क्षेत्रो के रेल यात्रियों से सम्बंधित सुझाव प्रस्तुत किये.**



बैठक के प्रारंभ में मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील ने समिति के सदस्यो का पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया.अपने स्वागत अधिभाषण में इसके उपरांत समिति के सचिव सीनियर डी सी एम विश्वरंजन ने पॉवर पॉइंट के द्वारा मंडल में यात्री सुविधाओ की विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की.समिति के अध्यक्ष डी आर एम विवेक शील ने अपने स्वागत भाषण में सदस्यों से प्राप्त होने वाले सुझावों को मंडल में यात्री सुविधाओ के लिए उपयोगी बताते हुए कहा कि इन सुझावों से मंडल बहु आयामी विकास अवं उच्च स्तरीय मानक प्राप्त करेगा.उन्होंने बताया कि कोविड के उपरांत अत्यंत कम उपयोगिता वाली गाडियों को छोड़ कर बाकि सभी यात्री गाडियों का संचालन शुरू हो गया है तथा इनके आरक्षित , अनारक्षित और सीजन टिकिट भी प्रदान किये जा रहे है. श्री शील ने जबलपुर, मदन महल, कटनी, मैहर रीवा आदि स्टेशन पर रेलवे द्वारा किये जा रहे विकास कार्यक्रम कि विस्तृत जानकारी दी.बैठक में समिति के जबलपुर के सदस्य डॉ सुनील मिश्रा ने जबलपुर अटारी ट्रेन को पुनः प्रारंभ करने ,स्टेशन पर इलेक्ट्रिक कार ,एवं मदन महल के विकास का सुझाव दिया. समिति के सदस्य डॉप्रशांत पुणेकर ने वेंडरो कि यूनिफार्म तथा ऑनलाइन खाद्य सामग्री मांगने के लिए मोबाइल नो डिस्प्ले करने, निखिल अरुण देशकर ने जबलपुर से बालाघाट तक ट्रेन चलाने,स्टेशन पर वाटर वेंडिंग मशीन पुनः शुरू करने तथा अरुण सिंह पवार ने जबलपुर से प्रारंभ होने वाली सभी यात्री गाडियों में युक्ति संगत( प्रारंभ से गंतव्य) स्टेशन कि नाम प्लेट लगाने , विन्ध्याचल एक्सप्रेस में वातानुकूलित कोच लगाने , राघवेन्द्र सिंह पटेल ने जबलपुर से रायपुर के लिए गोंदिया मार्ग से इंटरसिटी ट्रेन चलाने का तथा विन्ध्याचल एक्सप्रेस का सलैया स्टेशन पर ठहराव देने का सुझाव दिया. कटनी से आये सदस्य हरी शंकर शुक्ला ने मुडवारा स्टेशन के सौन्दर्यीकरण , अतिक्रमण एवं रेल कोच रस्टोरेंट बनाने का,तथा आशीष गुप्ता ने कटनी स्टेशन पर एस्केलेटर के पास प्रवेश एवं निकास बनाये जाने,मारुफ़ अहमद हनफी ने कटनी के ऑटो स्टैंड को व्यवस्थित करने ,वाटर कूलर के बहते पानी को रोकने तथा स्टेशन परिसर में यात्रियो के साथ लूट पात को रोकने का सुझाव दिया.मैहर से आये सदस्य बलराम जिज्ञासी ने मैहर में एस्केलेटर लगाये जाने तथा घुन्वारा स्टेशन पर शटल ट्रेन का ठहराव देने का सुझाव दिया.श्रीधाम से आये नन्द राम पाठक ने मेमो ट्रेन में बोगी बढ़ाने तथा लिफ्ट लगाने का सुझाव दिया. रीवा के शंकर साहनी ने रीवा से प्रारंभ होने वाली मुंबई तथा राजकोट गाड़ी के फेरे बढ़ाने का, तथा श्री सुधीर शुक्ल ने मुड्वास स्टेशन पर यात्री प्रतीक्षालय बनाये जाने का सुझाव दिया.सीधी से आये श्री पुष्प राज सिंह चौहान ने मुडवासग्राम,सरई ग्राम तथा विजयसोता के विकास का सुझाव दिया.नरसिंगपुर के सुदर्शन वैद्य ने नरसिंगपुर स्टेशन के सौदर्यीकरण तथा अतिक्रमण हटाने का , अमित दुबे ने नरसिंगपुर में कार पार्किंग को शिफ्ट करने तथा लिफ्ट संचालन हेतु स्टाफ लगाने का सुझाव दिया. पिपरिया के कमल नयन काबरा ने फूटओवर ब्रिज बनाने तथा प्लेटफार्म नंबर 2-3 पर लिफ्ट लगाने का सुझाव दिया.इस अवसर पर पर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता एवं अमितोज बल्लभ सहित शाखा अधिकारी सर्व जी पी सिंह ,संजय मनोरिया,विराट गुप्ता, मनीष पटेल,एसीएम पंकज दुबे तथा जीआरपी के श्री मार्को भी उपस्थित थे.बैठक का संचालन मंडलवाणिज्य प्रबंधक सुनील श्रीवास्तव ने किया.

### डॉ मिश्रा का चयन

बैठक के उपरांत समिति के सदस्यों ने क्षेत्रीय रेल उपयोगकर्ता परामर्श समिति ने मंडल की औरसे सदस्य के मनोनयन के लिए डॉ सुनील मिश्रा का चुनाव किया जिसके तहत डॉ मिश्रा अब जेडआरयूसीसी की बैठको में जबलपुर रेल मंडल का प्रतिनिधत्व करेंगे. इनके चयन पर समिति सदस्यों तथा अधिकारीयोंने उन्हें बधाई दी.

# रेलवे में पेंशन अदालत में 12 लाख 12 हजार 13 रूपये का भुगतान किया गया

**जबलपुर यशभारत*** पश्चिम मध्य रेल के जबलपुर मंडल पर सर्वप्रथम पेंशन अदालत 9.10.1986 को आयोजित की गई थी। जिसका उद्देश्य सेवानिवृत्त/स्वर्गीय कर्मचारियों के प्रकरणों का त्वरित निपटारा करना है। इसी क्रम में जबलपुर मंडल में पेंशन अदालत का आयोजन मंडल रेल प्रबंधक विवेक शील की अध्यक्षता में मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय के सभाकक्ष में किया गया, जिसमें उपस्थित सभी पेंशनरों की समस्याए सुनी गई एवं उनका तुरंत निराकरण किया गया। पेंशन अदालत में कुल 132 प्रकरण प्राप्त हुए, इसमें 124 प्रकरणों में कार्यवाही की गई एवं 41 प्रकरणों में एनईएफटी के माध्यम से भुगतान किया गया। 03 पेंशन रिवीजन, एफएमए के 18 प्रकरण, 25 प्रकरणों में बैंक को पत्र एवं 37 प्रकरणों में जबाव दिया गया। इस पेंशन अदालत में कुल राशि 12 लाख 12 हजार 13 रूपये का भुगतान किया गया। पेंशनर एसोसियेशन के अध्यक्ष मोहन लाल विरहा के साथ एस. सी. चौरसिया, तुलसी प्रसाद शुक्ला, के. जी. गोस्वामी, प्रताप सिंह के साथ पेंशनर्स एवं राष्ट्रीयकृत बैंक के प्रतिनिधि उपस्थित हुए।इस कार्यक्रम में अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, वरिष्ठ मंडल वित्त प्रबंधक यशवंत कुमार, मंडल कार्मिक अधिकारी संजय कुमार, सहायक कार्मिक अधिकारी (कल्याण) अरविन्द पाण्डेय, सहायक मंडल कार्मिक अधिकारी (यांत्रिक) डी. के. शुक्ला, सहायक कार्मिक अधिकारी (यातायात) पंकज कुमार सिंन्हा, सहायक मंडल वित्त प्रबंधक अवधेश कुमार तिवारी के साथ ही मंडल के कार्मिक विभाग एवं लेखा विभाग के अधिकारीगण एवं कर्मचारीगण उपस्थित हुए। कार्यक्रम के अंत में वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा ने पेंशन अदालत के सफल आयोजन के लिए धन्यवाद प्रस्ताव प्रस्तुत किया।



# पमरे ने गंदगी फैलाने वालो से 9 लाख 57 हजार जुर्माना वसूला

पश्चिम मध्य रेलवे के जबलपुर मंडल सहित तीनों मण्डलों के सभी स्टेशनों पर यात्रियों को स्टेशन परिसर एवं गाड़ियों में स्वच्छ, सुखद एवं पर्यावरण अनुकूल वातावरण मुहैया कराने के प्रति लगातार प्रयासरत है। महाप्रबंधक सुधीर कुमार गुप्ता के मार्गदर्शन तथा प्रमुख मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देशन में पमरे मण्डलों के रेलवे स्टेशनों एवं रेलगाड़ियों में नियमित साफ सफाई सुनिश्चित की जाती है, साथ ही नियमित उद्घोषणा के माध्यम से यात्रियों को भी जागरुक किया जाता है। इसके अंतर्गत यात्रियों से स्टेशन परिसर को साफ सुथरा रखने, धूम्रपान नहीं करने तथा यहां वहां गंदगी नहीं करने का अनुरोध किया जाता है। बार-बार समझाइश के बावजूद कुछ लोग लापरवाही बरतते हैं, ऐसे लोगों के खिलाफ रेल प्रशासन द्वारा समय-समय पर रेलवे अधिनियम के अंतर्गत जुर्माने की कार्यवाही की जाती है। इस वित्तीय वर्ष में अप्रैल से नवम्बर 2022 तक गन्दगी फैलाने वालों के विरुद्ध चलाये गए अभियान में कुल 6973 व्यक्तियों के मामले पकडे गए, जिनसे कुल 09 लाख 57 हजार 460 रूपये जुर्माना वसूला गया। अकेले नवम्बर माह में पमरे के तीनों मण्डलों में कुल 1471 व्यक्तियों के खिलाफ कार्रवाई की गई तथा उनसे 02 लाख 18 हजार 600 रुपये बतौर जुर्माना वसूला गया। इसके अलावा जुर्माने के साथ साथ ऐसे लोगों को समझाईश भी दी जाती है। साथ ही गंदगी से होने वाले नुकसान की जानकारी देते हुए स्टेशन परिसर स्वच्छ रखने के लिए अनुरोध भी किया जाता है रेल प्रशासन यात्रियों से अनुरोध किया है कि रेलवे आपकी अपनी संपत्ति है, रेल परिसर में कृपया गंदगी न फैलाएं।




# प्रशिक्षण समापन में रेल आईजी ने प्रतिभागियों को नगद इनाम व प्रशस्ति पत्र से सम्मानित किया

**जबलपुर यश भारत।** रेल पुलिस अधीक्षक कार्यालय जबलपुर में आयोजित तीन दिवसीय अभियोजन के संबंध में प्रशिक्षण शिविर का समापन पुलिस महानिरीक्षक रेल भोपाल डॉक्टर महेंद्र सिंह सिकरवार के द्वारा किया गया, प्रतिभागियों में प्रथम द्वितीय एवं तृतीय स्थान में आए प्रतिभागी को नगद इनाम के अलावा प्रशस्ति पत्र से भी सम्मानित किया। इस पाठ्यक्रम में उल्लेखनीय है कि सभी परीक्षार्थी सफल हुए कोई भी कर्मचारी अनुत्तीर्ण नहीं हुआ। समापन समारोह में पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर विनायक वर्मा अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक रेल जबलपुर श्रीमती प्रतिमा पटेल सहायक लोक अभियोजन अधिकारी श्रीमती राजकुमारी पचौरी, कार्यक्रम का संचालन थाना प्रभारी जीआरपी सुनील नेमा के द्वारा किया गया। पुलिस महानिरीक्षक के द्वारा अभियोजन में जो रजिस्टर विवेचना की प्रथम सीढ़ी से लेकर अंतिम निष्कर्ष तक रखे जाते हैं उन्हें किस तरीके से व्यवहारिक रुप से संधारित किया जाए जिससे अपराधी माननीय न्यायालय के द्वारा दंडित हो सके। कार्यक्रम के दौरान सभी सफल कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र से सम्मानित भी किया गया। कार्यक्रम में रेल पुलिस इकाई के उप पुलिस अधीक्षक जबलपुर आरके गौतम एवं कटनी के लोकेश कुमार मार्को भी उपस्थित रहे।

# 4 बेटियों के बाद बेटा नहीं हुआ, ससुर ने प्रताड़ित कर बहू के ले लिए प्राण

## जहर खाकर पीड़ित ने मौत को गले लगाया

**जबलपुर, यशभारत।** बेटियां पराया धन है। बेटा चाहिए....यदि नहीं दे पाई तो जहर क्यों नहीं खाती... ! बहू को ताने मारते हुए ससुर ने इतना प्रताड़ित किया उसने जहर खा लिया, जिसकी इलाज के दौरान मौत हो गयी। पूरा मामला शहपुरा का है। जहां चार बेटियों के बाद बेटे की चाह ने बसी बसाई गृहस्थी खाक कर रही। मृतिका यह कहती रही कि बेटी आखिर कहां से लाऊं। लेकिन ससुराल पक्ष यह सुनने तैयार नहीं था, क्योंकि उनको तो बेटा चाहिए था। पूरी पड़ताल के बाद पुलिस ने ससुर के खिलाफ मामला कायम कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस को सुधा अस्पताल से सूचना मिली थी कि श्रीमती कमलाबाई अहिरवार 32 वर्ष निवासी ग्राम मंगरमुहा थाना शहपुरा को जहरीली वस्तु का सेवन करने के बाद भर्ती कराया था। जहां उसकी मौत हो गयी। थाना शहपुरा में थाना लार्डगंज से मर्ग डायरी अग्रिम जांच हेतु प्राप्त हुयी। जांच के दौरान पुलिस ने मायके एवं ससुराल पक्ष के कथन किये। पुलिस ने बताया कि पड़ताल के दौरान ज्ञात हुआ कि मृतिका श्रीमति कमला बाई का ससुर छोटेलाल अहिरवार यह कहकर श्रीमति कमला बाई को परेशान करता था कि चार बेटियां हुयी हैं बेटा क्यों नहीं हुआ। बेटा न होने से लड़ाई-झगड़ा कर प्रताड़ित करता था । पुलिस ने ससुर के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है।

# श्री राम कालेज ने सेडमेप से किया अनुबंध



**जबलपुर यशभारत।** आज के समय में छात्रो के पास डिग्री तो होती है लेकिन इंडस्ट्री के अनुरूप उनके पास प्रायोगिक ज्ञान की कमी होती है जिससे अक्सर यह चर्चा होती है कि इंजीनियर्स के पास उनकी डिग्री के अनुरूप दक्षता कौशल की कमी होती है इसी वजह से वे इंडस्ट्री के लिये ज्यादा उपयोगी नहीं रहते हैं और इसी समस्या का समाधान निकालने के लिये श्री राम इंजीनियरिंग कालेज और सेडमेप ने एक एमओयू साइन किया है इस एमओयू के तहत यह सुनिश्चित किया गया है कि छात्रो को न केवल प्रायोगिक काम सीखने में मदद की जाये बल्कि उनका कौशल विकास भी हो सके श्री राम ग्रुप के चेयरमेन आर करसौलिया डायरेक्टर डा. एल के पटेल एंव सेडमेप के समन्वयक अजय तिवारी के हस्ताक्षर हुये कालेज के टीपीओ विवेक राजपूत ने बताया कि इस एमओयू से कालेज के छात्रों में कौशल विकास के साथ शैक्षिणक स्तर में भी सुधार के साथ स्वरोजगार के अवसर में भी बढोत्री होगी गेम चेंजर प्रोग्राम के बारे मे उन्होने बताया कि प्लोमेंट के अवसरों बीच छात्रों को इस प्रकार तैयार करना है जो हर किसी तकनीकि में माहिर हो चेंजमेकर प्रोग्राम के अंर्तगत छात्रों को अनेको कौशल विकास से संबंधित प्रशिक्षण कार्यक्रमों में निशुल्क प्रवेश दिया जायेगा तथा उन्हे औद्योगिक क्षेत्र के वर्तमान परिवेश की आवशकता के अनुरूप तैयार किया जा सके । इस अवसर पर कालेज के प्राचार्य डा शैलेश गुप्ता, योगेशमोहन दुबे, महेन्द्र राय (प्रभारी ईडीसी सेल) के साथ सभी विभागों के एचओडी एंव बड़ी संख्या में छात्र छात्राये उपस्थित रहे

# सेन समाज का परिचय सम्मेलन 25 को

**जबलपुर, यशभारत।** आगामी 25दिसंबर रविवार को प्रातः 9 बजे से क्षेत्रीय परिषद सेन समाज एवं संयुक्त सेन समाज संगठन, जबलपुर के संयुक्त तत्वावधान में सामाजिक परिचय सम्मेलन एवं युवक युवती परिचयः सम्मेलन मां अन्नपूर्णा लक्ष्मी मंदिर पचमठा अधारताल तालाब के पास जबलपुर में आयोजित किया जा रहा है। कार्यक्रम की तैयारियों की समीक्षा बैठक विगत दिवस क्षेत्रीय परिषद सेन समाज अधारताल के अध्यक्ष शिवबहादुर श्रीवास के अधारताल स्थित निज निवास में संपन्न हुई । इस अवसर पर कार्यक्रम की रूपरेखा में विधिवत पूजन हवन यज्ञ एवं सामाजिक परिचय के साथ साथ युवक युवती परिचय के साथ साथ विधवा विधुर परित्यका दिव्यांग, का पुर्नजीवन स्थापना सम्मेलन में अनेक रिश्ते सम्मेलन के दौरान तय किये जायेंगे एवं सामाजिक संबंधों आदान प्रदान होगा। बैठक में अध्यक्ष शिवबहादुर श्रीवास ने पूर्व में हुये परिचय सम्मेलन से सैकड़ों परिवार लाभान्वित होने की जानकारी दी एवं आगामी कार्यक्रमों के लिये प्रभारी नियुक्त किये । परिचय सम्मेलन के बायोडाटा कार्यक्रम स्थल पर लिये जायेंगे एवं सेन पत्रिका में प्रकाशित किया जायेगा। बैठक में प्रकाश सेन, मोहन श्रीवास, सुधीर श्रीवास, महेश सेन, विष्णु प्रसाद सेन नारायण प्रसाद सेन, रामनारायण सेन, संतोष सेन गंगाराम सेन, महेश श्रीवास, ब्रजेश श्रीवास एस.डी. सेन के. एल. सेन दीपक सेन, गौरीशंकर सेन चन्द्रप्रकाश श्रीवास जगदीश पलिया के साथ साथ मातृशक्ति उपस्थित रही।

# अशफाक उल्ला फाउंडेशन द्वारा शहीदों की याद में विशाल नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर 17 को

जबलपुर , यशभारत। जंगे आजादी में अपने प्राणों की आहूति देने वाले महान क्रांतिकारी अशफाकउल्ला खान, रामप्रसाद बिस्मिल और रोशन सिंह ठाकुर को उनके बलिदान दिवस पर याद किया जाएगा. सामाजिक व रचनात्मक संस्था शहीद अशफाक उल्लाह फाउंडेशन द्वारा शनिवार 17 दिसंबर को विशाल निःशुल्क स्वास्थ्त शिविर आयोजित है.उक्त जानकारी कार्यक्रम संयोजक मुहम्मद कदीर सोनी व फाउंडेशन अध्यक्ष अकबर खान सरवर ने देते हुए बताया है कि सरदार हामिद हुसैन की बाड़ी गोहलपुर में सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक शिविर में शहर के विशेषज्ञ चिकित्सक अपनी सेवाएं देंगे. इस दौरान हजारों मरीजों का चौकअप कर उन्हें दवाएं प्रदान की जायेंगी. राज्यसभा सांसद विवेक कृष्ण तन्या बतौर मुख्य अतिथि उपस्थित रहेंगे. पूर्व मंत्री लखन घनर्घारिया, तरूण भनोत, महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, विधायक विनय सक्सेना विशेष अतिथि होंगे. हाजी गुलाम मुहम्मद सरपरस्ती करेंगे. शिविर में सरदार हामिद हसन, अख्तर अंसारी, सरदार अमीन कुरैशी, सरदार अयाज राईन, सरदार हाजी इकबाल, सरदार हाजी मुईन खान, सरदार डॉ शमीम शाह तालिब हुसैन विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

# विकास के मामले में क्षेत्र से हो रहा सौतेला व्यवहार बर्दास्त नही : हर्ष यादव



## कांग्रेस ने धरना प्रदर्शन कर, महामहिम राज्यपाल के नाम 22 सूत्रीय ज्ञापन सौपा

**देवरीकलाँ यशभारत।** देवरी विकासखण्ड के महाराजपुर कस्बे के हाट बाजार प्रांगण में क्षेत्रीय विधायक हर्ष यादव की अगुवाई में कांग्रेस पदाधिकारियों एवं कार्यकर्ताओं ने जनसमस्याओं को लेकर एक दिवसीय धरना देकर राज्यपाल के नाम 22 सूत्रीय ज्ञापन सौपा। इस अवसर पर कांग्रेस वक्ताओं ने प्रदेश सरकार पर क्षेत्र के साथ सौतेले व्यवहार का आरोप लगाते हुए विकासखण्ड में प्रशाासनिक बदहाली का जिम्मेदार बताया। महाराजपुर हॉट बाजार प्रांगण में आयोजित एक दिवसीय धरना प्रदर्शन कार्यक्रम में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं ग्रामीण शामिल हुए। इस अवसर पर आयोजित सभा को संबोधित करते हुए क्षेत्रीय विधायक हर्ष यादव ने कहा कि प्रदेश सरकार देवरी क्षेत्र की सतत उपेक्षा कर रही है, विकास योजनाओं की राशि रोककर हमारा हक छीनने का काम कर रही है। भाजपा सरकार के उपेक्षित रवैये के कारण किसानों को फसल क्षति राहत एवं बीमा राशि भी नही मिल सकी है। भेदभाव के कारण देवरी क्षेत्र के महाराजपुर, गौरझामर एवं केसली कस्बों को नगर पंचायत का दर्जा नही मिल सका। इस अवसर पर कांग्रेस वक्ताओं ने बढ़ती महंगाई एवं बेरोजगारी को लेकर प्रदेश एवं केन्द्र की भाजपा सरकार को आड़े हाथो लिया। क्षेत्रीय विधायक हर्ष यादव एवं कांग्रेस पदाधिकारियों द्वारा प्रशासन को राज्यपाल के नाम 22 सूत्रीय ज्ञापन सौपकर महाराजपुर क्षेत्र की समस्याओं के निराकरण एवं मांगों को पूरा किये जाने की मांग की गई। ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि महाराजपुर को नगर पंचायत घोषित करने, नेषनल हाईवे-44 पर ओवर ब्रिज बनाने, प्रस्तावित उपमण्डी का निर्माण कराने, महाविद्यालय एवं आई.टी.आई. संस्था खोलने, प्रस्तावित जलजीवन मिषन योजनान्तर्गत प्रत्येक ग्राम में नलजल योजना की स्वीकृति प्रदान की जाए, महाराजपुर के मुख्य मार्ग पर डामलीकरण एवं दोनो ओर नाली निर्माण कार्य, इन्डोर स्टेडियम निर्माण, नौरादेही अभ्यारण्य के विस्थापित परिवारजनों को प्रति सदस्य 25 लाख रुपए मुआवजा एवं आवासीय कॉलोनी के माध्यम से सभी मूलभूत सुविधाए उपलब्ध कराने, विद्युत समस्याओं, निदंपुर जलाषय की नहरों के निर्माण कार्य को शीघ्र पूरा किए जाए, महाराजपुर क्षेत्र के पर्यटक स्थलों को विकसित किया जाए, शासकीय कन्या हायरसेकेण्डी स्कूल खोला जाए, नौरादेही अभ्यारण्य का मुख्य द्वार सिलकुही नाके पर बनाया जाए।कार्यक्रम में बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।



# नर्मदा परिक्रमा वासियों को कंबल, दरी बनिया इनर का वितरण

पनागर, यशभारत। मां रेवा पथ ग्रुप- के तत्वधान में निरंतर नर्मदा तट के किनारे रहने वाले अभावग्रस्त लोगों एवं नर्मदा परिक्रमा वासियों को बड़ी संख्या में कंबल ,दरी, ठंड की बनियान इनर, का वितरण किया जा रहा है ग्रुप के रवि ठाकुर, निलेश गोटिया, सुनील राठौर, रोहित ठाकुर ,अनु ठाकुर, की विशेष भूमिका है ग्रुप के सदस्यों ने बताया ठंड भरयह कार्यक्रम निरंतर चलता रहेगा।

# वृक्षारोपण एवं आरती भंडारा का आयोजन कल

**जबलपुर, यशभारत।** भारतीय जनता पार्टी जवाहरगंज एवं महात्मा वार्ड के द्वारा वृक्षारोपण आरती भंडारा का आयोजन कल 17 दिसंबर शनिवार दोपह 1 से मां त्रिपुरी सुंदरी तेवर भेड़ाघाट रोड जबलपुर में आयोजित है। इस कार्यक्रम में सांसद श्रीमती सुमित्रा बाल्मिकी एवं अजय विश्नोई पूर्व मंत्री, विधायक विनोद गोटिया अध्यक्ष, पर्यटन विकास निग मप्र शासन ाव पटेल भाजपा अपील, राम सिंह ठाकुर बबलू, नंदुमार यादव, अमर यादव, पिंटू पटेल, रजनी कैलाश साहू पार्षद आदि ने की है।

# जिले में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का आयोजन 14 से 20 दिसम्बर तक

**नरसिंहपुर यभाप्र।** नगरीय एवं ग्रामीण क्षेत्रों में ऊर्जा संरक्षण के प्रति लोगों को जागरूक करने और प्रदेश स्तरीय ऊर्जा साक्षरता अभियान में अधिकाधिक लोगों को शामिल करने के उद्देश्य से जिले में राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह का आयोजन 14 से 20 दिसम्बर तक किया जा रहा है।उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष 14 दिसम्बर को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण दिवस मनाया जाता है। यह दिन ऊर्जा खपत के महत्व और हमारे दैनिक जीवन में इसके उपयोगए कमी और वैश्विक पारिस्थितिकीय तंत्र की स्थिति पर इसके प्रभाव के आंकलन के लिए मनाया जाता है। ऊर्जा संरक्षण दिवस लोगों को ग्लोबल बॉर्मिंग और जलवायु परिवर्तन के बारे में जागरूक करने पर केन्द्रित है। यह अवसर ऊर्जा संसाधनों के संरक्षण की दिशा में किये जा रहे प्रयासों को बढ़ावा देता है। इस सिलसिले में कलेक्टर सुश्री ऋजु बाफना ने जिले में ऊर्जा संरक्षण के बारे में जागरूकता बढ़ाने और ऊषा पोर्टल एप पर पंजीयन तथा ऊषा सर्टिफिकेशन के लिए अधिकारियों को राष्ट्रीय ऊर्जा संरक्षण सप्ताह के दौरान विभिन्न गतिविधियां आयोजित करने के लिए दायित्व सौंपे हैं।

## फीफा विश्व कप का फाइनल रविवार को फ्रांस और अर्जेंटीना के बीच

# विजेता को मिलेंगे 347 करोड़ नकद

**अल खोर,एजेंसी।** 'कौन कहता है कि आसमान में सुराख नहीं होता, एक पत्थर तो तबीयत से उछालो यारों'। इसको चरितार्थ करने वाली मोरक्को की टीम ने वर्ल्ड कप सेमीफाइनल हारने से बावजूद न सिर्फ फुटबॉल के दिग्गजों के बीच अपनी मौजूदगी पूरी शिद्दत से दर्ज कराई बल्कि दुनिया भर में खेलप्रेमियों के दिल भी जीत लिए। उसके अंतिम चार में पहुंचने की किसी ने कल्पना भी नहीं की थी, लेकिन अपने ऐतिहासिक अभियान में कदम दर कदम दिग्गजों को जमींदोज करने वाली मोरक्को टीम ने देश के फुटबॉल इतिहास में स्वर्णिम अध्याय जोड़ दिया। क्रोएशिया, बेल्जियम, स्पेन और क्रिस्टियानो रोनाल्डो की पुर्तगाल के सफर पर विराम लगाकर मोरक्को यहां तक पहुंचा था। तीसरे स्थान के विजेता को 27 मिलियन डॉलर यानी 220 करोड़ की पुरस्कार राशि मिलेगी, जो चैंपियन को मिलने वाली राशि से 15 मिलियन कम है।



### फीफा विश्व कप 2022 की पुरस्कार राशि

इस विश्व कप में 32 टीमों के बीच 440 मिलियन डॉलर प्राइज मनी बांटी जाएगी। विजेता और उपविजेता को जीत में कुल 72 मिलियन का उच्चतम भुगतान होगा। रविवार को फ्रांस और अर्जेंटीना के बीच होने वाले फाइनल की विजेता टीम को 42 मिलियन डॉलर यानी 347 करोड़ का नकद पुरस्कार मिलेगा। वहीं उपविजेता टीम के लिए 30 मिलियन डॉलर की इनामी राशि रखी गई है। रिपोर्टों के अनुसार, हर टीम को पुरस्कार राशि में कम से कम 9 मिलियन प्राप्त होंगे।

### चोट का भी पड़ा असर

वर्ल्ड कप के इतिहास की सबसे यादगार गाथाओं में गिना जाएगा मोरक्को का यह सफर। सेमीफाइनल से पहले इस टीम ने किसी विरोधी खिलाड़ी को गोल नहीं करने दिया। सेमीफाइनल से पहले दो खिलाड़ियों के चोटिल होने का खामियाजा भी उसे भुगतना पड़ा। डिफेंडर नायेफ अगेर्द प्रैक्टिस के दौरान चोटिल हो गए जबकि कप्तान रोमां साइस 21 मिनट बाद ही हैमस्ट्रिंग चोट के कारण बाहर हो गए।

### समर्थकों का सैलाब

स्टेडियम के भीतर उसके समर्थकों की तादाद देखकर लग रहा था मानों लाल सैलाब उमड़ आया हो। वर्ल्ड कप सेमीफाइनल तक पहुंचने वाली पहली अफ्रीकी टीम के समर्थन में उसके प्रशंसकों ने कोई कोर कसर नहीं छोड़ी थी। मोरक्को का राष्ट्रगीत जब स्टेडियम में बजा तो शोर से पूरा आसमान गुंजायमान हो गया। मोरक्को के खिलाड़ियों ने भी जुझारूपन की पूरी बानगी पेश की। फ्रांस जैसी दिग्गज टीम को उसने आसानी से अपने गोल में सेंध नहीं मारने दी। लेकिन आखिर में फ्रांसीसी टीम का अनुभव मोरक्को के जोश पर भारी पड़ा। मोरक्को के कोच वालिद रेग्रागुई ने कहा, 'मेरे खिलाड़ियों ने सब कुछ दे दिया। वे यहां तक पहुंच गए। वे इतिहास रचना चाहते थे लेकिन चमत्कारों से वर्ल्ड कप नहीं जीता जाता। मेहनत के बल पर यह संभव है और हम आगे भी कड़ी मेहनत करते रहेंगे।

## कंगना ने बयां किया बहन रंगोली के साथ हुए एसिड अटैक का दर्द, रूह कंपा देगी आपबीती

**मुंबई, ईएमएस।** अपनी बातों को मुखरता से रखने के लिए जानी जाने वाली बॉलीवुड की क्वीन कंगना रणौत आए दिन किसी न किसी से पंगा लेती रहती हैं। वह अपनी बातों को इस ढंग से रखती हैं कि बिना नाम लिए ही दूसरे पर तंज कस देती हैं। लेकिन हाल ही में मंगलवार को दिल्ली के द्वारका में 17 वर्षीय लड़की पर हुए एसिड अटैक के बाद कंगना रणौत का दिल कांप उठा है। अभिनेत्री को अपनी बहन के साथ हुई एक दर्दनाक घटना याद आ गई है, जिसके बाद उन्होंने उस समय महसूस किए गए अपने डर को सोशल मीडिया के जरिए फैंस के साथ साझा किया है। इसके साथ ही अभिनेत्री ने एसिड अटैक पर गौतम गंभीर के दिए बयान का भी समर्थन किया है। कंगना रणौत ने अपने आधिकारिक इंस्टाग्राम हैंडल पर अपने उन दिनों को याद किया, जब उनकी बहन रंगोली चंदेल के ऊपर हुए एडिस अटैक हुआ था। इसके साथ ही अभिनेत्री ने फैंस को इस हादसे के बाद अपने डर के बारे में भी बताया। कंगना बोलीं कि जब भी हर बार कोई अजनबी उनके पास से गुजरता था तो वह अपना चेहरा ढक लेती थीं। अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर कंगना ने लिखा, च्जब मैं टीनएजर थी तब मेरी बहन रंगोली चंदेल पर सड़क किनारे एक रोमियो ने तेजाब फेंका था... उसे 52 सर्जरी से गुजरना पड़ा था। इतना ही नहीं उसे अकल्पनीय मात्रा में मानसिक और शारीरिक आघात का सामना भी करना पड़ा था। हम उस एक परिवार के रूप में पूरी तरह से टूट गए थे .... मुझे भी थेरेपी से गुजरना पड़ा था क्योंकि मुझे डर था कि कोई भी मेरे पास से गुजरेगा तो मुझ पर तेजाब फेंक सकता है जिसके कारण हर बार एक बाइक या एक कार के मेरे पास से गुजरने के बाद मैं तुरंत अपना चेहरा ढक लेती थी। मैं इन सब से निकल गई....लेकिन ये अत्याचार बंद नहीं हुए .... सरकार को इन अपराधों के खिलाफ बहुत कड़ी कार्रवाई करने की जरूरत है .... मैं गौतम गंभीर से सहमत हूं, हमें एसिड हमलावरों के खिलाफ बहुत सख्त कदम उठाने की जरूरत है। रंगोली अब शादीशुदा हैं और उनका पांच साल का बेटा पृथ्वीराज है। वह अक्सर फिल्म कार्यक्रमों और स्क्रीनिंग में अभिनेता के साथ जाती हैं। हमले के समय वह 21 वर्ष की थी और थर्ड डिग्री बर्न की शिकार हुई थी। कंगना ने खुलासा किया था कि रंगोली का आधा चेहरा जल गया था, एक आंख की रोशनी चली गई, एक कान पिघल गया और एक ब्रेस्ट को गंभीर रूप से आघात पहुंचा था। बता दें, मंगलवार को एक बाइक पर दो नकाबपोश लोगों ने कक्षा 12 की छात्रा पर तेजाब फेंक दिया था। वह अपने घर से स्कूल के लिए निकली थी। रिपोर्ट्स के अनुसार लड़की आठ प्रतिशत जली हुई है और सफदरजंग अस्पताल के बर्न आईसीयू में उसका इलाज चल रहा है।



## बिकिनी पर बवाल: बॉलीवुड में पहले भी नजर आया भगवा कनेक्शन, दीपिका से पहले इन अभिनेत्रियों ने पहना यह रंग

**नई दिल्ली, एजेंसी।** शाहरुख खान और दीपिका पादुकोण की फिल्म 'पठान' को लेकर बवाल शुरू हो गया है। फिल्म का पहला गाना च्बेशर्म रंगज् कुछ दिन पहले ही रिलीज हुआ और तभी से विवादों में आ गया है। गाने में दीपिका के भगवा रंग की बिकिना पहनने का विरोध हो रहा है। 'पठान' पर भगवा रंग का अपमान करने का आरोप लगाकर फिल्म के पोस्टर जलाए जा रहे हैं। लेकिन आज जिस रंग पर हंगामा हो रहा उसे पहले भी कई अभिनेत्रियां पहन चुकी हैं और बॉलीवुड से भगवा रंग का कनेक्शन बहुत पुराना है। च्पठानज के गाने च्बेशर्म रंगज में दीपिका पादुकोण का बेहद ग्लैमरस नजर आई हैं। गाने में दीपिका की शाहरुख खान के साथ केमिस्ट्री भी एकदम हॉट लग रही हैं, जिसे पसंद भी किया जा रहे है। लेकिन कुछ लोगों को दीपिका की बिकिनी का रंग पसंद नहीं आया और इसको लेकर बवाल शुरू हो गया। हालांकि इससे पहले भी दीपिका अपनी फिल्म च्कॉकटेलज में भगवा रंग की बिकिनी पहने नजर आई थीं। इस दौरान अभिनेत्री का सैफ अली खान के साथ एक कीसिंग सीन भी था। लेकिन तब इसे लेकर न कोई विवाद हुआ और न ही इतना हंगामा हुआ था। ऋतिक रोशन की फिल्म च्वॉरज के गाने च्घुंघरू टूट गएज में वाणी कपूर भी भगवा रंग की ही बिकिनी में नजर आई थीं और अपने किलर मूव्स से लोगों का दिल जीत लिया था। वहीं, अगर हम कुछ साल पहले जाएं तो कटरीना कैफ भी च्बार बार देखोज फिल्म के गाने च्आंखों को तेरी आदत हैज में इसी रंग की बिकिनी में बीच पर सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ इश्क फरमाती नजर आई थीं। गाने में दोनों की जबरदस्त केमिस्ट्री देखने को मिली थी। यहां तक तो बात हुई बिकिनी लुक की, लेकिन अब चलते हैं उस दौर में जब भगवा साड़ी में ही अभिनेत्रियां अपनी अदाओं से तहलका मचा देती थी। मुमताज से लेकर डिंपल कपाड़िया तक, काजोल से लेकर रवीना टंडन तक हर दौर में अभिनेत्रियों ने साड़ी पहन पर्दे पर जलवा बिखेरा है। 'आजकल तेरे मेरे प्यार के चर्चे हर जुबान पर..' गाने में मुमताज का भगवा साड़ी पहनना और 'जाने दो ना' गाने में डिंपल कपाड़िया और ऋषि कपूर के रोमांस के खूब चर्चे हुए थे। इन सबके बीच 'हाय हाय ये मजबूरी' गाने में जीनत अमान के बारिश में कातिलाना मूव्स को कोई कैसे भूल सकता है। अब बात करते हैं माधुरी दीक्षित की, जिन्होंने च्धक-धक करने लगाज्गाना पर अपनी अदाओं से सबको दीवाना बना दिया और आज भी च्धक-धक गर्लज् के नाम से ही जानी जाती हैं। इतनी बात हो ही रही है, तो कटरीना कैफ को भूल जाना नादानी होगी। च्दे दना दनज् के गाने च्मेरे इतनी सी चाहत हैज् में झरने के नीचे अक्षय कुमार के साथ कटरीना की केमिस्ट्री लाजवाब थी, जिसे देख हर कोई उनके तारीफ करते नहीं थक रहा था। च्मैंने प्यार क्यों कियाज में च्लगा प्रेम रोगज गाने में सुष्मिता का साड़ी स्टाइल हो या च्कभी खुशी कभी गमज में काजोल का भगवा लहंगा, हर अंदाज में अभिनेत्रियों ने पर्दे पर धमाल मचाया है। वहीं, हाल ही में च्हाय हाय ये मजबूरी 2.0 गाने में भी अपने अतरंगी फेशन सेंस को लेकर जानी जाने वाले उर्फी जावेद भी भगवा साड़ी में कमाल की लगी थीं।



## सोचता था सुसाइड कर लूं: विवेक ओबेरॉय बोले- मैं महसूस कर सकता हूं सुशांत के साथ क्या हुआ





मुबई, ईएमएस। फिल्म कंपनी और साथिया जैसी शानदार फिल्मों के लिए जाने जानेवाले विवेक ओबेरॉय ने अपने करियर के शानदार मोड़ को भी देखा है और उस वक्त से भी सामना हुआ जहां वह पर्दे से गायब होते चले गए। अपने करियर के इस उतार-चढ़ाव का सामना कर रहे विवेक ओबेरॉय की लाइफ में एक मोड़ ऐसा भी आया जब उनके दिमाग में सबकुछ खत्म कर देने तक के खयाल आने लगे थे। अपने दर्द का यही किस्सा विवेक ओबेरॉय ने अब खुलकर सुनाया है। एक वक्त था जब चॉकलेटी बॉय के रूप में विवेक अपने फैन्स के दिलों में बसे थे। उन्हें लोग काफी पसंद करने लगे। हालांकि, इससे पहले कि उनकी ऊंचाइयां छूने का दौर थोड़ा लंबा चलता वह कहीं गायब हो गए। बॉलीवुड बबल से बातचीत में विवेक ने गुजरे वक्त के बुरे दौर को याद किया, जहां सबकुछ थम गया था। उन्होंने अपने बारे में कुछ शॉकिंग बातें कहीं।

### वह ऑडिशन के लिए जाते तो पिता का परिचय नहीं देते थे

उन्होंने इस बातचीत में बताया कि उन्होंने वो वक्त भी झेला है जब करीब डेढ़ साल तक उनके पास कोई काम नहीं था। उन्होंने कहा कि जब वो ऑडिशन देने जाते थे ये नहीं बताते थे कि वह बॉलीवुड एक्टर सुरेश रॉय के बेटे हैं। विवेक ओबेरॉय ने अपने उस वक्त को याद करते हुए बताया कि उस दौरान उनके मन में काफी बुरे खयाल भी आए थे। विवेक ने सब खत्म करने तक के बारे में भी सोच लिया था।

### वाइफ प्रियंका ने उस वक्त दिया खूब साथ

विवेक ने इस इंटरव्यू में यह भी बताया कि आसपास की नेगेटिविटी से वह परेशान हो गए थे। उन्होंने ये भी कहा कि ये शायद एजेंडा यही था और ऐसे ऐजेंडे कई बार आपको अंदर से तोड़ देते हैं। विवेक ने अपनी वाइफ का नाम लेते हुए कहा- उस दौरान प्रियंका ने मेरी लाइफ में काफी अहम रहीं और मैं अपने बारे में जान पाया। बाद में उन्होंने इशारा करते हुए कहा- सबकुछ खत्म करने का मतलब काफी गहरा है और इसलिए वह उस दर्द को फील कर सकते हैं जिससे सुशांत सिंह राजपूत या इस तरह के बाकी कलाकार गुजर चुके हैं।

### मां से हिम्मत मिली कि वह इस दर्द को भुलाकर आगे बढ़ें

विवेक ओबेरॉय ने कहा कि उन्हें अपनी मां से हिम्मत मिली कि वह इस दर्द को भुलाकर आगे बढ़ें। उन्होंने बताया कि उनकी मां ने उन्हें कुछ कैंसर पीड़ित बच्चों से मिलाया जिन्हें देखकर उन्हें आगे बढ़ने की हिम्मत मिली।

### झूठ जब तेजी से और बार-बार बोला जाता है, तो सच लगने लगता है

विवेक ने कहा कि मैंने उस डार्क साइड और दर्द को फील किया है जो कई जगह काफी क्रूर हो सकती है। कई बार ये आपको कुचलने की कोशिश भी करती है। झूठ जब तेजी से और बार-बार बोला जाता है, तो ये सच लगने लगता है और आपको लगने लगता है कि ये आपकी सच्चाई है। उन्होंने ये भी कहा कि हालांकि, बहुत दिनों तक सच को झूठा नहीं बताया जा सकता है।

## पठान में सलमान से ज्यादा है दीपिका पादुकोण की फीस! शाहरुख खान और जॉन अब्राहम भी पीछे नहीं



**मुंबई, ईएमएस।** बेशरम रंग से तहलका मचा रहीं एक्ट्रेस दीपिका पादुकोण और शाहरुख खान पठान में दिखाई देंगे। 25 जनवरी को आने वाली ये मूवी खूब सुर्खियां बटोर रही है। इसमें सलमान खान कैमियो भी कर रहे हैं। डिंपल कपाड़िया से लेकर जॉन अब्राहम तक, सबने कितनी फीस ली है, आइए बताते हैं। बॉलीवुड एक्टर शाहरुख खान साल 2023 में चार साल बाद पर्दे पर वापसी कर रहे हैं। 25 जनवरी को उनकी पठान रिलीज होगी। इसमें उनके अपोजिट दीपिका पादुकोण और जॉन अब्राहम नजर आएंगे। सिद्धार्थ आनंद की डायरेक्टे इस मूवी का फैन्स बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं। हालांकि इसका पहला गाना बेशरम रंग रिलीज हुआ है, जिसकी जमकर आलोचना हो रही है। उसमें एक्ट्रेस के आउटफिट्स से लेकर उनके डांस के बारे में भद्दी-भद्दी बातें कही जा रही हैं। लेकिन क्या आप ये जानते हैं कि इस फिल्म को करने के लिए कलाकारों ने कितनी फीस ऐंठी है? नहीं, तो आइए बताते हैं। कुर्सी की पेटी बांध लीजिए और दिल को संभाल लीजिए। शाहरुख खान का पठान में लुक अलग है। लंबे बाल और 6-8 पैक्स एब्स बॉडी के साथ वह पर्दे पर अपनी जवानी दोबारा से जीने जा रहे हैं। अपने किरदार में फिट होने के लिए एक्टर ने जहां खूब पसीना बहायाा है। वहीं उन्होंने प्रोड्यूसर की जेब भी अच्छे से खाली करवाई है। मीडिया रिपोर्ट्स में सभी एक्टर्स के फीस का खुलासा किया गया है। जिसकी शुरुआत 6 करोड़ से लेकर 100 करोड़ तक है। अब किसकी कितनी है. वो जानकर आपके कान जरूर खड़े होने वाले हैं।

### पठान के एक्टर्स की फीस

**दीपिका पादुकोण–** एक्ट्रेस का इस मूवी में क्या रोल है ये तो आने वाला वक्त ही बताएगा लेकिन उन्होंने गाने से ही चारों तरफ आग लगा दी है। बिकिनी में डांस मूव्स कर सबको दंग कर देने वाली दीपिका पादुकोण ने इस फिल्म के लिए 15 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं।

**जॉन अब्राहम–** अपने एक्शन से फैन्स का दिल जीतने वाले जॉन अब्राहम भी पठान में दिखाई देंगे। वह इस मूवी में कॉप या एजेंट का रोल निभा रहे हैं। उन्होंने इसमें दमदार अभिनय करने के लिए 20 करोड़ रुपये लिए हैं।

**सिद्धार्थ आनंद–** सिद्धार्थ आनंद बॉलीवुड के जाने माने डायरेक्टर हैं। उन्होंने बैंग बैंग और वॉर जैसी फिल्में बनाई हैं और अब वह पठान को लेकर आए हैं। इसमें डायरेक्शन करने के लिए उन्होंने 6 करोड़ रुपये बतौर फीस लिए हैं।

**सलमान खान–** सुपरस्टार सलमान खान ने इस मूवी में स्पेशल अपीयरेंस दिया है। उनका कैमियो रोल है, जिसकी चर्चा जोरो शोरों से हो रही है। शाहरुख के साथ सलमान खान को देखने के लिए सभी एक्साइटेड हैं। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, भाईजान ने कैमियो के लिए एक नया पैसा नहीं लिया है। उन्होंने अपने हिस्से की शूटिंग यश राज स्टूडियो में की है।

**आशुतोष राणा–** यह भी शाहरुख के साथ नजर आएंगे। इसमें ये सीनियल RAW एजेंट की भूमिका निभा रहे हैं। इन्होंने इस मूवी के लिए कितना चार्ज किया है, इसका खुलासा नहीं किया गया है।

**शाहरुख खान–** पठान बने शाहरुख खान इस मूवी में गदर काट रहे हैं। अब तक जितना भी सामने आया है। उसमें वह कमाल के लग रहे हैं। 2018 के बाद अब वह 2023 में कमबैक कर रहे हैं। रिपोर्ट्स की मानें तो इन्होंने इस फिल्म के लिए 100 करोड़ रुपये चार्ज किए हैं। जो कि बहुत बड़ी रकम है।

## पहलवान रोहन व अंश शर्मा ने स्वर्ण एवं विवेक ने जीता कास्य



**जबलपुर यशभारत।** सागर में सम्पन्न हुई. म.प्र. राज्य विश्वविद्यालयीन कुश्ती प्रतियोगिता में रा. दु.वि.वि. की टीम का प्रतिनिधित्व करते हुए ज्ञान गंगा महाविद्यालय के छात्र व साई सेन्टर के प्रशिक्षणार्थी रोहन (राहुल) ने 74 कि. एवं अंश शर्मा ने 63 कि. भार वर्ग में स्वर्ण तथा जी.एस. महाविद्यालय के विवेक सिंह ने 61 कि. में कास्य पदक जीतने का श्रेय प्राप्त किया। नगर के उभरते ये पहलवान अखाड़ा गिरधारी उ. गंजीपुरा के शागिर्द है। सरस्वती उ.मा.वि. गढ़ाफाटक में संचालित साई सेन्टर में पूर्व प्राचार्य खलीफा उमाशंकर पटेल के विशेष सानिध्य में राष्ट्रीय पह. राजेश व जितेन्द्र राजपूत के द्वारा प्रशिक्षण प्राप्त कर रहे है। जबलपुर की कुश्ती कला को पुर्नजागृत करने में सकिय भूमिका का निर्वाह करने वाले समाजसेवी भाई जय घनघोरिया, रत्नेश उर्फ रत्तू अग्रवाल (संचालक बालाजी ट्रांस.) जिला खेल अधिकारी पं. आशीष पांडे, जनप्रतिनिधि राघवेन्द्र यादव (लालू भैया), अंतर्राष्ट्रीय पह, नरेन्द्र शर्मा उर्फ अज्जू, रंजीत रान, जिला कुश्ती संघ के पवन चकवती, रामदत्त शुक्ला, मदनलाल बर्मन उर्फ सीताराम जी, अरूण-अमर विश्वकर्मा, पह. जगदीश कैथल इत्यादि जनों ने इन पहलवानों को शुभाशीष देते हुए बधाई दी।

# जबलपुर को ग्रिनी सिटी बनाने का अप्रूवल आज तक नहीं मिला

## मेंगलुरू और बेंगलुरू की स्मार्ट सिटी की तर्ज पर शहर के नाम पर हुई थी चर्चा

**जबलपुर, यशभारत। स्मार्ट सिटी जबलपुर को इंडियन ग्रीन बिल्डिंग काउंसिल (आइजीबीसी) की तरफ से ग्रीन सिटी बनाने का प्रस्ताव आया था, जिसका अप्रूवल आज तक नहीं मिल पाया। मेंगलुरू और बेंगलुरू की स्मार्ट सिटी की तर्ज पर जबलपुर को भी विकसित करने की अवधारणा बनाई गई थी। जबलपुर में स्मार्ट सिटी की बोर्ड ऑफ डॉयरेक्टर की बैठक में निर्णय भी ले लिया गया कि जबलपुर को ग्रीन सिटी के रूप में विकसित किया जाएगा। इसके लिए आईजीबीसी से एमओयू हस्ताक्षर करके काम करने की पूरी तैयारी भी कर ली गई थी।**



इसके बाद भी यह मामला अटककर रह गया। जबकि ग्वालियर स्मार्ट सिटी ग्रीन फील्ड सिटी प्रोजेक्ट के अंतर्गत काउंटर मैग्नेट सिटी के लिए चुन लिया गया है। केंद्र सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने ग्रीन फील्ड सिटी (नया शहर) बनाने की अनुशंसा की है। जिसके अंतर्गत प्रदेश भर के शहरों में से ग्वालियर का काउंटर मैग्नेट सिटी बनाने वाला प्रस्ताव स्वीकृत कर लिया गया है।

### ग्वालियर का दायरा बढ़ाने के लिए जमीन पर होने लगा मंथन

केंद्र सरकार के ग्रीन फील्ड सिटी प्रोजेक्ट में ग्वालियर की काउंटर मैग्नेट सिटी को लेकर मंथन किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत मप्र के नगरीय प्रशासन एवं विकास ने भी आदेश जारी किए हैं और काउंटर मैग्नेट सिटी के लिए 125 से 200 एकड़ क्षेत्र पर प्लॉन तैयार करने के लिए कहा है।

### केंद्र से मिलेंगे 1 हजार करोड़

केंद्र सरकार के आवास एवं शहरी कार्य मंत्रालय ने 15वें वित्त आयोग ने 8 ग्रीन फील्ड सिटी (नया शहर) बनाने की अनुशंसा की है। जिसके तहत केंद्र सरकार ने सभी प्रदेशों से इसके लिए प्रस्ताव मांगे हैं और उनमें से ये 8 शहर चुने गए हैं। इस प्रोजेक्ट में चयनित शहरों को 1-1 हजार करोड़ रुपए केंद्र सरकार से मिलेंगे। इसके अलावा राज्य सरकारों को भी राशि जुटाकर इन शहरों को विकसित किया जाना है।

### राजनीतिक कमजोरी का नमूना

जबलपुर को ग्रीन सिटी का दर्जा न मिलना और इसी बीच ग्वालियर के खाते में मैग्नेट सिटी का चला जाना जबलपुर की राजनीतिक कमजोरी से जोड़कर देखा जा रहा है। राजनीतिक स्तर पर मजबूत प्रयास किये जाते तो जबलपुर को उसके हक से दूर न किया जाता।

### निर्णय होने के बाद भी प्रस्ताव अटका

जबलपुर को ग्रीन सिटी के रूप में विकसित करने के संबंध में लंबे समय तक विचार विमर्श किया गया, उसके बाद ही ग्रीन सिटी बनाने के संबंध में निर्णय लिया गया था। इसके लिए आइजीबीसी से स्मार्ट सिटी के पास प्रस्ताव आया था। विदित हो कि आइजीबीसी का गठन 2001 में भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) द्वारा किया गया था। आइजीबीसी भारत में ग्रीन बिल्डिंग अवधारणा का नेतृत्व कर रहा है और ग्रीन बिल्डिंग सर्टिफिकेशन और अन्य सेवाएं प्रदान करता है। आइजीबीसी ने भोपाल, मेंगलुरू स्मार्ट सिटी और बेंगलुरु स्मार्ट सिटी सहित कई स्मार्ट शहरों के साथ काम किया है।



## डॉ सुनील मिश्र जोनल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के सदस्य चुने गए

**जबलपुर, यशभारत।** मंडल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति की बैठक गुरुवार को डीआरएम कार्यालय के सभागृह में संपन्न हुई। इसमें जबलपुर,कटनी,दमोह रीवा,सीधी, सिंगरौली, नरसिंहपुर के सदस्यों ने अपने अपने स्टेशन को समस्याओं को रखा। जोनल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के लिए एक सदस्य का निर्वाचन हुआ जिसमें इंडियन रेड क्रॉस सोसायटी के प्रदेश प्रबंधकारिणी व जबलपुर कार्यकरिणी के सदस्य डॉ सुनील मिश्र ज़ोनल रेल उपयोगकर्ता सलाहकार समिति के सदस्य सर्वाधिक मत प्राप्त कर निर्वाचित हुए।

## महामहिम का आत्मीय स्वागत



**जबलपुर, यशभारत।** झारखंड के राज्यपाल रमेश बैस का डुमुना विमानतल पर केंद्रीय खाद्य प्रसंस्करण उद्योग एवं जलशक्ति राज्य मंत्री प्रहलाद पटेल की उपस्थिति में नगर के समाज सेवी आलोक जैन ने स्वागत किया। उल्लेखनीय है कि श्री बैस अल्पप्रवास पर जबलपुर आए थे। इस मौके पर कुर्मी क्षत्रिय समाज के जिलाध्यक्ष गोविन्द पटैल, राजकुमार पटैल, भरत पटैल, पार्षद द्वय राजकुमार पटैल, श्रीमती अजंना अग्रहरि मौजूद रहीं।

## बढ़ा नशे का कारोबार

# इंजेक्शनों का जखीरा बरामद, तस्कर ने घर में खोल रखी थी दुकान

## गैंग को तलाश रही पुलिस, जाचं जारी

**जबलपुर, यशभारत।** संस्कारधानी में इन दिनों नशे का कारोबार सिर चढ़कर बोल रहा है। आलम यह है कि हरेक गली चौराहों में नशा तस्कर मौत का सामान खुलेआम बेंच रहे है। जिनका शिकार होकर युवावर्ग पंगु होता जा रहा है। जिसकी एक बानगी उस वक्त सामने आई जब थाना बेलबाग की पुलिस ने नशा तस्कर के घर में दबिश देकर नशे के इंजेक्शनों का जखीरा बरामद किया। पकड़ा गया आरोपी गैंग का सरगना है, लेकिन गुर्गे फरार बताए जा रहे है। जिससे सख्ती से पूछताछ जारी है। थाना प्रभारी प्रियंका केवट ने पूरे मामले की जानकारी देते हुए बताया कि सूचना मिली कि बेलबाग के खटीक मोहल्ला में नशे का कारोबार किया जा रहा है। जिसके बाद पुलिस ने टीम बनाई और गैंग का पर्दाफास करने गली मोहल्लों की खाक छानती रही। इसी बीच पुलिस को पता चला कि खटीक मोहल्ला में खुलेआम बबलू उर्फ मुकेश सोनकर पिता स्वर्गीय मायाराम सोनकर 34 साल अपने घर से यह कारोबार कर रहा है।

### घेर लिया घर, भाग रहे आरोपी को दबोचा

पुलिस ने बताया कि आरोपी को दबोचने के लिए पहले घर की घेराबंदी की। इसी बीच कार्रवाई की भनक लगते ही आरोपी भागने लगा। जिसे दबोचकर



56 नग नशीले इंजेक्शन जब्त किए गए। जिनकी अनुमानित कीमत हजारों में है।

### बेकाबू मरीज को दिए जाते है इंजेक्शन

पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक जांच में पता चला है कि तस्कर द्वारा बेंचे जा रहे इंजेक शन अक्सर बेकाबू मरीज को दिए जाते है। जिन्हें दर्द और पीड़ा के कारण नींद नहीं आती और हार्ट बीट बढ़ने लगती है, उन्हें सुलाने के लिए यह इंजेक्शन दिए जाते है। आगे विवेचना में सच्चाई सामने आएगी।

### गैंग बनाकर कर रहे थे गोरखधंधा

पुलिस ने बताया कि पकड़ा गया आरोपी बबलू लंबे समय से इस गोरखधंधे से जुड़ा हुआ था। जो बकायदा गैंग बनाकर नशे के इंजेक शनों की खेप मार्केट में खपा रहा था।

### आरोपी फरार, दुकानों संचालकों की तलाश जारी

बेलबाग प्रभारी ने बताया कि पकड़ा गया तस्कर बबलू ने पूछताछ में एक आरोपी का नाम बताया है। जिसकी सरगर्मी से तलाश जारी है। आरोपी ने बताया कि वह मेडिकल शॉप से यह इंजेक्शन लेकर आता था, जिसमें बकायदा सभी का कमीशन जुड़ा हुआ होता है। गैंग के अन्य सदस्य भी फरार है। जिन्हें जल्द दबोच लिया जाएगा।

### घमापुर बना डंपिंग स्टेशन

पुलिस ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में पता चला है कि यह नशे की खेप शहर के घमापुर लाई जा रही है। यह शहर का डंपिंग स्टेशन बनता जा रहा है। जिसके बाद अब दोनों थानों की पुलिस मामले का पर्दाफास करने आरोपियों को तलाश करने में जुटी हुई है।

# जंगल में काट रहा था लकड़ी पेड़ से गिरा, चली गई जान

**जबलपुर, यशभारत।** कुण्डम के जंगलों में एक मजदूर का शव मिलने से हड़कंप मच गया। मोहल्ले वालों ने मृतक की पत्नि को बताया कि पेड़ से गिरने के कारण उनके पति की मौत हो गयी। जिसके बाद बदहवास पत्नी अपने बच्चों को लेकर जैसे ही जंगल पहुंची तो चीख पड़ी। घटना में मृतक के सिर में गंभीर चोट आने के बाद मौके पर ही उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने मर्ग कायम कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि

### लकड़ी काटते हुए पेड़ से गिरा, खुल गया सिर

श्रीमती राधा बाई विश्वकर्मा 35 वर्ष निवासी ग्राम राजा इमलई ने बताया कि उसके पति गोविन्द विश्वकर्मा 42 वर्ष रोज की तरह मोहल्ले वालों के साथ लकड़ी काटने जंगल गये थे। मोहल्ले के लोगों ने बताया कि गोविंद पेड़ से गिर गया है। उसने अपने बच्चों एवं परिजनों के साथ ग्राम मेहदर के जंगल में जाकर देखा तो पति गोविंद विश्वकर्मा की लकड़ी काटते समय पेड़ से गिरने से मौत हो गयी थी। सूचना पर पंचनामा कार्यवाही कर शव को पीएम हेतु भिजवाते हुये मर्ग कायम कर जांच में लिया गया।

## श्रीमती शशि अग्रवाल का देहावसान



**जबलपुर, ।** लालकुआँ हनुमान ताल निवासी, मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के पं. योगेन्द्र दुबे की भाभीजी, एडवोकेट विवेक अग्रवाल -चिंटू भैया- एवं खुशबू अग्रवाल की पूज्यनीय मातुश्री श्रीमती शशि अग्रवाल ( धर्मपत्नी स्व. श्री विष्णु प्रसाद अग्रवाल) का 67 वर्ष की आयु में देहावसान हो गया । अंतिम संस्कार करियापाथर मुक्ति धाम में सम्पन्न हुआ। मुक्तिधाम में सभी वर्गो के लोगों ने उन्हें नम आखों से श्रद्धांजलि अर्पित की।

# कोतवाली में 10 हजार रुपये हफ्तावसूली ना देना जीजा-साले को पड़ा भारी

जबलपुर, यशभारत। कोतवाली के चेरीताल में बाइक से जा रहे जीजा और साले को बीच रास्ते बाइक अड़ाकर रोकते हुए बदमाशों ने पहले तो 10 हजार रुपये हफ्तावसूली मांगी और नहीं देने पर दोनों को बीच रास्ते पटक-पटक कर मारा और जब इतने से भी मन नहीं भरा तो दोनों को बेसबॉल के डंड़ों से इतना मारा कि वह मरणासन्न हो गए। जिसके बाद दोनों को तत्काल विक्टोरिया अस्पताल में भर्ती करवाया गया, जहां से जीजा को नेताजी सुभाषचंद्र बोस मेडिकल कॉलेज भर्ती रेफर किया गया है। पुलिस ने पीड़ितों की शिकायत पर मामला दर्ज कर, जांच में लिया है। जानकारी अनुसार पुलिस ने बताया कि भाविन छाड़ुवा 29 वर्ष निवासी गुजराती कालोनी बल्देवबाग ने बताया कि वह तुलाराम चौक पर अपने जीजा के साथ गुजरात हार्डवेयर की दुकान का संचालन करता है । देर रात अपनी दुकान बंद कर अपने जीजा के साथ बल्देवबाग होकर घर जा रहा था, बल्देवबाग चौराहे पर चेरीताल निवासी राहुल, गगन एवं साथियों ने बीच रास्ते बाइक अड़ाकर तड़ीबाजी मांगने लगे। जब पीड़ितों ने 10 हजार रूपये देने से मना कर दिया तो सभी गालीगलौच करने लगे। उसने मना किया तो राहुल ने बेसबाल के डंडे एवं गगन आदि सभी ने मिलकर लाठी डंडों से जमकर मारपीट कर दी। जिसमें दोनों लहूलुहान हो गए। उसके जीजा विशाल केनिया को मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया है।

### डंडों से पीट-पीटकर किया बेदम, जीजा की हालत नाजुक

JYOTI INNER ZONE
सभी कम्पनियों के विन्टर इनर उपलब्ध
LUX COZI · AMUL MACHO · RUPA · JOCKEY · DIXCY SCOTT
1222, Main Road Ganjipura Near Super Market Jabalpur (M.P.) 0761-4038008

Roasted Food Junction
जनता साइकिल के बाजू से बड़ी ओमती चौक, जबलपुर
न्यू शो रूम
ठण्ड के स्पेशल आइटम उपलब्ध है
→तिली चिक्की →तिली लड्डू →तिली रेवड़ी →मूंगफली की लइया →रोस्टेट नमकीन →वेक्ड टोस्ट →करेला चिप्स →बिस्केट →फुल्की →गजक →सिंधी पापड़→चने
Pure & Tasty AK's Special
मनोज संगतानी मो. 9301997304, 7987145201

दुआ से तकदीर बदलती है आप है परेशान हमसे पाये समाधान
27 साल के अनूभवी अली शाह
करनी करतूत, बीमारी में दवा ना लगना, कारोबार और घर में बरकत ना होना, प्रेम विवाह, वशीकरण, गृहकलेश, बंदिशबाधा रुकावट आदि ऐसे तमाम रुहानी परेशानी के हल के लिए आज ही मिले।
संपर्क करें मो. 8878383610, 8982585083

आपका शैल्बी, आपका हेल्थ पार्टनर
अधिक जानकारी व अपॉइंटमेंट हेतु संपर्क : +91 95758 01200
28 YEARS | SHALBY MULTI-SPECIALTY HOSPITALS
In association with SMJ Trust
शैल्बी हॉस्पिटल्स
प्लाट नं. 5, अहिंसा चौक, विजय नगर, जबलपुर (म.प्र.)
24x7 Emergency & Pharmacy | Emergency No 95758 01020 | www.shalby.org

सांई हॉस्पिटल
इनफर्टिलिटी लेप्रोस्कोपी एवं सांई टेस्ट ट्यूब बेबी सेंटर
डॉ. श्रीमति राखी बाजपेयी MBBS,MS. (OBS & GYM)
टेस्ट ट्यूब बेबी, बांझपन व गायनिक एण्डोस्कापी में उच्च प्रशिक्षित
दूरबीन द्वारा ऑपरेशन से ना चीरा ना रक्तस्त्राव शीघ्र स्वस्थ जल्दी छुट्‌टी
Dip advanced Gynaec Endoscopy [France]
इक्सी, टेस्ट ट्यूब सेंटर, दूरबीन द्वारा बांझपन का निदान, बंद ट्यूब व टीटी ऑपरेशन खोलना, दूरबीन द्वारा बच्चादानी(टीएलएच), ओवरी की सिस्ट नली में ठहरे गर्भ व बच्चेदानी के ट्यूमर का इलाज व ऑपरेशन, कृत्रिम गर्भाधान IUI IVF ICSI व सुरक्षित गर्भपात।
पथरी, हार्निया, एपेन्डिक्स, पाइल्स, गाल ब्लेडर, बच्चेदानी, स्तन की गठान, बंद ट्यूब गर्भधान इत्यादि सभी आपेरेशन व इलाज की सुविधा
सबसे सस्ता अत्याधुनिक मल्टीस्पेशलिटी चिकित्सा संस्थान
कांचघर चौक, रेलवे स्टेशन रोड जबलपुर-8770186650, 7987619550

गैलेक्सी सुपर स्पेशलिटी हॉस्पिटल
मध्य भारत का तेजी से उभरता हुआ, सर्वप्रथम होलीस्टिक हॉस्पिटल
आयुष्मान एवं सभी प्रकार के टीपीए की सुविधा
आर्यरा AaryAra (illuminate AspiratioN)
उखरी तिराहा, विजय नगर, जबलपुर (मप्र)-482003
0761-4017010, 4027010, 2647010 Helpline 881983000,7777877708
galaxyhospitaljbpweb@gmail.com, galaxyhospitaljbp2020@gmail.com
www.galaxyhospitaljbp.com

क्रिसमस एवं नूतन वर्ष की शुभकामनाएं
आफिस, शोरुम, निवास की सजावट के लिए पर्दा क्लाथ की नई रेंज, गृह शोभा के आइटम
न्यू लक्ष्मी एम्पोरियम
फ्लोरिंग एंड फर्नीशिंग, पर्दा एवं सोफा क्लाथ, वाल पेपर मिंक कंबल, मैरिज सेट टॉवल, रजाईयां।
दैनिक भास्कर के सामने 3 /15 सिविक सेंटर मढ़ाताल जबलपुर
फोन- 0761-2481262, 362
एक बार अवश्य पधारें

अब नई शृंखला के साथ
KARAN SHOES
MALVIYA CHOWK · ANAND CINEMA ROAD NEAR 4th BRIDGE · KATANGA CROSSING · NAYA BAZAR MALVIYA CHOWK

क्रिसमस एवं नूतन वर्ष की शुभकामनाएं
शॉल ही शॉल...
लक्ष्मी एम्पोरियम
• काश्मीरी • प्योरऊन • जमावार • सिप्पीवर्क • कानीवर्क • आरी वर्क •
फैंसी रंग डिज़ाईन
नया स्टॉक उचित दाम
मछरहाई (दुर्गा मंदिर के सामने) 905 जवाहरगंज जबलपुर
फोन- 2481229, 2481944
एक बार अवश्य पधारें

महाकौशल का सबसे आधुनिक ICU, जबलपुर में आपकी सेवा में 24 घंटे
LIFE CARE ICU, Mukherjee Hospital
हमारे यहां उपलब्ध विशेषज्ञों की टीम व सुविधाएं
डॉ अभिजीत मुखर्जी (वरिष्ठ हड्डी रोग एवं ट्रामा विशेषज्ञ)
डॉ प्रशांत कुशवाहा (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ हर्ष सक्सेना (वरिष्ठ न्यूरोसर्जन)
डॉ तरून नागपाल (वरिष्ठ न्यूरोलॉजिस्ट)
डॉ एम. चंसोरिया (वरिष्ठ ICU विशेषज्ञ)
डॉ नेहा चंसोरिया B.D.S, M.D.S. (वरिष्ठ दंत एवं जबड़ा रोग विशेषज्ञ)
डॉ विशाल वडेरा (वरिष्ठ किडनी रोग विशेषज्ञ)
डॉ अखिलेश पटेल (छाती एवं स्वांस रोग विशेषज्ञ)
सुविधाएं
हड्डी की चोट का इलाज व ऑपरेशन, सिर की चोट, हेड इन्जूरी, रीढ़ की हड्डी की चोटों का इलाज व ऑपरेशन, लकवा, मिर्गी एवं दिमागी बुखार का इलाज, जहरीली वस्तु का सेवन (Poison Unit), सर्पदंश उपचार, गंभीर लीवर की बिमारी, किडनी की बीमारी (पथरी), डायलिसिस सुविधा उपलब्ध, हर प्रकार के पेट के रोगों का ऑपरेशन,Burn Unit (जले हुए मरीजों का इलाज), महाकौशल के सबसे आधुनिक वेन्टीलेटर उपलब्ध, 24 घंटे डायलिसिस की सुविधाएं
1933, प्रेम मंदिर के पास, राइट टाउन, जबलपुर | 07614038666, 7049079825 | 9300920067

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा मां रेवा पब्लिकेशन एण्ड प्रिंटर्स जबलपुर, 68/1 लक्ष्मीपुर विवेकानंद वार्ड मुस्कान प्लाजा के पीछे MR-4 रोड उखरी जबलपुर से मुद्रित एवं जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333। डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. Email - jabalpur@yashbharat.com (न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर)